रांची एक्सप्रेस

61

साल से लगातार...

। जनपक्षीय पत्रकारिता ।

देसी अंदाज नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-57 | कोलकाता, मंगलवार 23 अप्रैल 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

# मम्मी-पापा... काश आप दोनों झगड़ा नहीं करते

## 12 साल की बच्ची के सुसाइड के लिए कौन जिम्मेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न जाने कब से यह बात सुनते आ रहे हैं कि बच्चे का दिल किस बात से दुखी हो जाए पता नहीं। बच्चों के सामने कोई बात कहने से पहले भी सोचने की बात बड़े बुजुर्ग की ओर से कही जाती है। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। दस - बारह साल की उम्र में कोई बच्चा तनाव नहीं झेल सकता। वह नहीं जानता कि यह क्या चीज है लेकिन इससे वह परेशान बहुत हो जाता है। एक सवाल से इस उम्र के बच्चों के मन में न जाने कितने सवाल पैदा होते हैं। उन सवालों को कई बार बच्चे जाहिर करते हैं और कई बार खुद ही उनका जवाब खोजने की कोशिश करते हैं। इन सवालों के बीच कई बार वह कुछ ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ उनकी नहीं होती। जो बच्चे हमारे लिए जान से अधिक प्यारे होते हैं, उनके लिए हम क्यों नहीं सोचते कि हमारा एक गलत कदम बहुत कुछ बिगाड़ सकता है। 12 साल की एक मासूम बच्ची के स्यूसाइड का ऐसा मामला सामने आया जिसके बाद कई सवाल हैं।

महज 12 साल की एक मासूम बच्ची के सुसाइड करने का मामला पुलिस के पास आया है। मामला राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके का है। दावा किया जा रहा है कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस ने अंदेशा जताया है कि उसके माता-पिता के बीच तीन साल से रिश्ते ठीक नहीं चल रहे है और डाइवोर्स का केस चल रहा है। इसकी वजह से बच्ची तनाव में थी। मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस तफ्तीश कर रही है। शव का पोस्टमार्ट्म कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मासूम बच्ची अब इस दुनिया में नहीं है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

पति-पत्नी का झगड़ा न तो कोई नई बात है और न ही तलाक की बात। फिर भी माता-पिता को यह सोचना चाहिए कि घर में कोई



दूसरा भी है। वह दूसरा कोई भी हो सकता है। वह आपके जिगर का टुकड़ा भी हो सकता है। आपसी झगड़े के बीच यह सोचना बहुत जरूरी है कि बात सिर्फ आप तक ही नहीं। परिवार का टूट जाना एक बात और किसी की जान चली जाना दूसरी बात। उस 12 साल की बच्ची के मन में आखिर कैसे सवाल पैदा हुए होंगे कि उसने ऐसा कदम उठाया। मां-बाप के रोज के झगड़े को शायद वह नहीं देख पा रही थी। बच्चों को तो मां और पिता दोनों से प्यार होता है और नहीं चाहते कि झगड़ा हो या उनके माता-पिता अलग हो जाएं।

हालांकि एक सच्चाई यह भी है जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है। पति-पत्नी के बीच जब झगड़ा हद से अधिक बढ़ जाएगा और सुलझने जैसी बात नहीं होगी तो तलाक की नौबत आएगी ही। लेकिन ऐसे झगड़े और तलाक के बीच कुछ ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे कोई मासूम ऐसा कदम उठाए।

## 'आप का बयान सरासर झूठ है'

- जेल में इंसुलिन न मिलने के बवाल पर सीएम केजरीवाल का तिहाड़ सुपरिटेंडेंट को पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद सीएम केजरीवाल को इंसुलिन नहीं मिलने पर काफी बवाल मचा हुआ है। इसी बवाल के बीच सीएम केजरीवाल ने तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने जेल प्रशासन के बयान को




गलत बताया है। सीएम केजरीवाल के इस पत्र में तिहाड़ प्रशासन के दोनों बयानों का जिक्र हैं। आप इन मामले में पत्र को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें लिखा - अखबार में आपका बयान पढ़ा। वो बयान गलत है। आपका झूठा बयान पढ़ के बहुत दुख हुआ। तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान 'अरविंद केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया' यह सरासर झूठ है।

### रक्षामंत्री राजनाथ बोले-

## सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी

**जम्मू/लेह (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का



आदान-प्रदान भी किया।

इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### शिक्षक भर्ती रद्द की

**कलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कथित तौर पर अवैध रूप से प्राप्त सभी नौकरियां रद्द कर दीं। जज देबांशु बसाक और जज मोहम्मद सब्बीर रशीद की कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा, जो लोग लंबे समय से अवैध तरीके से काम कर रहे हैं, उन्हें ब्याज समेत सैलरी लौटानी होगी।



इस फैसले के तहत 25,753 नौकरियां रद्द कर दी गईं। उन्हें 2016 के पैनल में नौकरी मिली थी। पैनल का कार्यकाल खत्म होने के बाद जिन लोगों को नौकरी मिली है, उन्हें भुगतान करना होगा। वादी पक्ष के वकील ने कहा, 2016 का पूरा पैनल रद्द कर दिया गया है। कोर्ट ने डीएम को निर्देश दिया है। डीआई चार सप्ताह के अंदर डीएम को सप्ताह के अंदर डीएम को इसकी जानकारी देनी होगी। 2016 की सभी चार भर्ती प्रक्रियाएं - ग्रुप सी, ग्रुप डी, 9वीं-10वीं, 11वीं-12वीं - पैनल को रद्द कर दिया गया है।

# उप्र, बिहार में हीटवेव चलेगी

- म.प्र.-छत्तीसगढ़ में तापमान 42 डिग्री के पार
- झारखंड में टेम्प्रेचर 46 डिग्री पहुंचा, 23 राज्यों में आज बारिश का भी अनुमान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों के साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है।

आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है।

मौसम विभाग ने दिल्ली में आज बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है। वहीं, कुछ जगह धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 23 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया गया है।

### राजस्थान के जयपुर-बीकानेर में आज बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट

राजस्थान में रविवार को मौसम सामान्य रहा। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के सभी शहरों का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सोमवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा था,इसके कमजोर होने के कारण दो संभाग जयपुर और बीकानेर में आंधी-बारिश हो सकती है। 22 अप्रैल को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे गंगानगर, नागौर, हनुमानगढ, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर में बारिश हो सकती है।

### हिमाचल में बर्फबारी के कारण 98 सड़कें बंद

हिमाचल में आज-कल बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। खराब मौसम का यह सिलसिला 27 अप्रैल तक बना हुआ है। इस दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछेगी, वही माध्यम से कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला

### सूरत के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीते

**सूरत (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम



और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को 7 निर्दलीय कैंडिडेट ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

**कांग्रेस बोली- कानूनी लड़ाई लड़ेंगे-** गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाए या और फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। वहीं, गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है, जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े ही जीत गया हो।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट 14 साल की रेप पीड़िता को दी गर्भ गिराने की इजाजत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को तत्काल चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने का आदेश दिया। इसने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसने लड़की की गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और फैसला सुनाया था कि लड़की के लिए हर घंटा महत्वपूर्ण था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल को गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन करने के लिए एक टीम गठित करने का आदेश दिया। पीठ ने अस्पताल को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि नाबालिग को सुरक्षित रूप से चिकित्सा सुविधा तक ले जाया जाए और महाराष्ट्र सरकार प्रक्रिया का खर्च वहन करने



के लिए सहमत हो। बलात्कार पीड़िता की मां ने बॉम्बे हाई कोर्ट के 2023 के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उन्नत चरण के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। बलात्कार पीड़िता की मां के अनुसार, उनकी बेटी फरवरी 2023 में लापता हो गई थी और तीन महीने बाद राजस्थान में एक व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न के बाद गर्भवती पाई गई थी।

### अलीगढ़ में पीएम मोदी बोले-

### इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर

## ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ में जनसभा की। उन्होंने कहा, पिछली बार जब अलीगढ़ आया था, तब अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही।



पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है, वे लोग उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे।

कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों की है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है।

आपका स्त्री धन लूटना चाहती है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

अलीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस से अनूप वाल्मीकि के समर्थन में पीएम मोदी ने 42 मिनट तक सभा को संबोधित किया।

## मालदीव में भारत विरोधी मुइज्जू जीते संसदीय चुनाव

- 86 सीटों के नतीजे आए, इनमें 66 सीटें चीन समर्थक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस को

**माले (एजेंसी)।** मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी संसदीय चुनाव में जीत की तरफ बढ़ रही है। शुरुआती रुझानों में कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में अब तक 86 सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें से 66 सीटों पर मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस जीती है। किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी। नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मुइज्जू की जीत भारत के लिए बड़ा झटका है। भारत और चीन की इस चुनाव पर कड़ी निगाह थी।



# कर्नाटक में जबरन धर्म परिवर्तन के लिए महिला से रेप

- तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करता था मुस्लिम दंपति; बुर्का पहनने, नमाज पढ़ने को मजबूर किया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में धर्म परिवर्तन करने को मजबूर करने के लिए रेप का मामला सामने आया है। 28 साल की एक महिला ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया और उसकी तस्वीरें लीं। इसके बाद इन तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर उसे इस्लाम कबूल करने के लिए ब्लैकमेल किया। महिला ने कहा कि दंपति ने उसे बुर्का पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत 7 लोगों पर एफआईआर की है।



**2023 में दंपति के साथ रहने आई थी महिला, तब रेप हुआ-** पुलिस ने कहा कि रफीक और उसकी पत्नी के कहने पर महिला 2023 में उनके घर में रहने आई। तब दोनों ने उससे कहा कि वे जो भी कहेंगे उसे करना होगा। जब तीनों साथ रहते थे, तो पिछले साल रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया।

- **दंपति ने महिला को अपने पति को तलाक देने के लिए कहा-** महिला ने ये भी बताया कि दंपति ने उसे अपने पति को तलाक देने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी तो वह उसकी तस्वीरें लीक कर देगा। दंपति ने उसे ये धमकी भी दी कि अगर उसने धर्म परिवर्तन नहीं किया तो उसे जान से मार देंगे। महिला की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ सौंदत्ती में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर कर्नाटक धर्म स्वतंत्रता अधिकार संरक्षण अधिनियम, आईटी लॉ, एससी/एसटी एक्ट और आईपीसी के तहत बलात्कार, अपहरण, जबरन घर में बंद रखना और आपराधिक धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है।

### छत्तीसगढ़-कांकेर में अमित शाह बोले-

## मठ-मंदिरों और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के मठ मंदिरों पर कांग्रेस की नजर है। यहां का पैसा कहां जाने वाला है? मनमोहन सिंह की बात याद करो, उन्होंने कहा था कि संसाधन, रेवेन्यू पर पहला अधिकार माइनोरिटी का है। हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, दलितों और आदिवासियों का है। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को मिर्ची लगी है। मोदी जी ने उनके घोषणा पत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे कराने का निर्देश दिया तो प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। राहुल गांधी इसे स्पष्ट करें। अमित शाह ने ये बातें कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रचार के दौरान कही।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है। इसलिए इनके नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं पहुंचे। ये सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं।

# पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: ममता सरकार को बड़ा झटका



**कोलकाता,एजेन्सी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को 2016 की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में सभी नियुक्तियों को अमान्य घोषित कर दिया।आदेश के अनुसार, 25,753 नियुक्त शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा और ज्वाइनिंग के बाद से जो वेतन उन्होंने निकाला है, उसे 12त्न ब्याज के साथ लौटाना होगा।कोर्ट ने स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) को नई भर्तियां करने का आदेश दिया है.कोर्ट ने आगे आदेश दिया कि जो लोग अवैध रूप से भर्ती हुए हैं उन्हें छह सप्ताह के भीतर अपना वेतन वापस करना होगा।

राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) के माध्यम से कक्षा 9, 10, 11 और 12 के शिक्षकों और समूह-सी और डी कर्मचारियों की श्रेणियों में एसएससी द्वारा सभी नियुक्तियां जहां अनियमितताएं पाई गई, उन्हें भी शून्य घोषित कर दिया गया है।कलकत्ता HC ने प्रशासन को अगले 15 दिनों में नई नियुक्तियों पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है.इस मामले में एक अपवाद का उल्लेख अदालत ने कैंसर पीड़ित सोमा दास के मामले में किया है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी.

अधिवक्ता विक्रम बनर्जी ने एएनआई को बताया, विशेष रूप से, निविदा प्रक्रिया एक ब्लैकलिस्टेड कंपनी, अर्थात् एनवाईएसए को दी गई थी और यह प्रक्रिया अवैध है। अवैध नियुक्तियों की संख्या का पता नहीं लगाया जा सकता है, जिसके मद्देनजर पूरी चयन प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। इस अवैध प्रक्रिया के लाभार्थियों को अपना वेतन वापस करना होगा। पश्चिम बंगाल के सभी जिलों के जिला कलेक्टरों को चार सप्ताह के भीतर वसूली प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है और एक नई निविदा सार्वजनिक रूप से विज्ञापित की जानी चाहिए।

प्रक्रिया के दौरान, पश्चिम बंगाल राज्य द्वारा एक सुपर-न्यूमेरिकल पद बनाया गया था। अवैध नियुक्तियों को देखते हुए, बंगाल राज्य ने उन्हें समायोजित करने की कोशिश की, लेकिन यह पूरी तरह से अवैध था। डिवीजन बेंच ने जांच करने और पता लगाने का निर्देश दिया है कि कौन है सुपर-न्यूमेरिकल पोस्ट बनाया गया, यदि आवश्यक हुआ तो प्रभावशाली व्यक्ति को सीबीआई द्वारा हिरासत में लिया जाएगा।अदालत ने 2016 की भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी.मामले में सुनवाई 20 मार्च को पूरी हो गई थी और खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) शिक्षक भर्ती घोटाला बंगाल भाजपा नेता पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद सामने आया, जो कि तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं, जो 23 जुलाई, 2022 को अपनी गिरफ्तारी तक ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यरत थे।इससे पहले 16 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने कोलकाता में पार्थ चटर्जी के करीबियों पर छापेमारी की थी.पूर्व शिक्षा मंत्री की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के कोलकाता आवास से 21 करोड़ रुपये नकद और 1 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण बरामद होने के बाद चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था।चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) भर्ती घोटाले की जांच का सामना कर रहे हैं।

## बंगाल स्कूल की नौकरियों पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगे- ममता बनर्जी




**रायगंज/कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी।कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा सभी नियुक्तियाँ रद्द करने के कारण पश्चिम बंगाल के 25,000 से अधिक शिक्षकों की नौकरियाँ चली गईंबनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया।सभी भर्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है। हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने नौकरियां खो दीं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले, और आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे, उसने कहा।कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया और इसे अमान्य घोषित कर दिया।

## राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी पर हमला किया, कहा- सीएम अपने नाम का मतलब भूल गईं



**कोलकाता,एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रविवार को व्यस्त कार्यक्रम था और उन्होंने पश्चिम बंगाल में कई रैलियों को संबोधित किया। राजनाथ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में अराजकता व्याप्त है और दावा किया कि ममता दीदी अपने नाम का अर्थ भूल गई हैं।एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल में संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। यह शर्म की बात है। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो हम देखेंगे कि ऐसी चीजें दोहराई न जाएं। ममता दीदी अपने नाम का अर्थ भूल गई हैं और यहां तक ??कि भूल भी नहीं सकती हैं। राज्य के लोगों की चीख-पुकार देखिए, लोग डरे हुए हैं क्योंकि यहां गुंडों का राज है। विशेष रूप से, तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की घटनाएं दर्ज की गईं और सरगना शाहजहां शेख और उसके सहयोगी वर्तमान में केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में हैं।रविवार को, सीबीआई अधिकारियों ने फिर से संदेशखाली का दौरा किया और उन पीड़ितों से बात की जिनकी जमीन शाहजहाँ और उसके सहयोगियों ने हड़प ली थी। सीएम पर निशाना साधते हुए राजनाथ ने कहा कि ममता ने पश्चिम बंगाल में कई केंद्रीय योजनाओं को लागू नहीं होने दिया।पश्चिम बंगाल के प्रति मोदी के प्रेम के बारे में, राजनाथ ने कहा कि मोदी की मां के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद, उन्होंने 20 दिसंबर, 2022 को राज्य के लिए वंदे भारत ट्रेनों का उद्घाटन किया।उन्होंने कहा, हमारा देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2027 तक यह शीर्ष तीन स्थानों पर पहुंच जाएगा।

## पार्टी नेतृत्व के आश्वासन के बाद तृणमूल कांग्रेस पार्षद ने छह दिन की भूख हड़ताल समाप्त की



**कोलकाता,एजेन्सी।** एक टीएमसी पार्षद, जो एक स्थानीय नेता पर उन्हें स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए छह दिनों से भूख हड़ताल पर थीं, ने पार्टी नेतृत्व के आश्वासन के बाद शनिवार को अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) वार्ड नंबर 49 की पार्षद मोनालिसा बनर्जी रविवार से अपने कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि देबाशीष बनर्जी के नेतृत्व वाले पार्टी के दूसरे गुट द्वारा उनके क्षेत्र में एक और चुनाव कार्यालय स्थापित किया गया था। 2020 में कांग्रेस से टीएमसी में शामिल होने वाली पार्षद ने दावा किया कि उन्हें सूचित नहीं किया गया था कि देबाशीष बनर्जी उनके वार्ड में एक नया चुनाव कार्यालय खोल रहे थे, जिसमें पहले से ही एक मौजूदा कार्यालय है। मोनालिसा ने पीटीआई-भाषा से कहा, पद संभालने के बाद पहले दिन से ही मुझे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। और मेरा मानना है कि किसी का समर्थन है, जो इस महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। वार्ड नंबर 49 कोलकाता उत्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत है, जहां टीएमसी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और मौजूदा सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय को मैदान में उतारा है। मोनालिसा ने इस संबंध में पिछले हफ्ते मध्य कोलकाता में हिंद सिनेमा के पास बंद्योपाध्याय के कार्यालय के सामने एक और प्रदर्शन किया था, जब सियालदह में सुरेंद्रनाथ कॉलेज के पास उनके वार्ड कार्यालय के सामने एक सीसीटीवी लगाया गया था। उन्होंने कहा, सुदीप दा ने मुझसे वादा किया कि ऐसा कोई चुनाव कार्यालय नहीं खोला जाएगा और पुराने कार्यालय का ही उपयोग किया जाएगा। उन्होंने मुझे यह भी आश्वासन दिया कि किसी से कोई परेशानी नहीं होगी और मैं काम कर सकूंगी... पार्षद ने आरोप लगाया कि तमाम वादों के बावजूद नया चुनाव कार्यालय खोला गया और इसके उद्घाटन के मौके पर टीएमसी सांसद के समर्थक मौजूद थे. संपर्क करने पर देबाशीष बनर्जी ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि उन्हें ऐसी किसी भूख हड़ताल की जानकारी नहीं है। बनर्जी ने कहा, मैंने उनके आरोप सुने हैं, जो झूठ के अलावा कुछ नहीं हैं। मैं इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगी और पार्टी नेतृत्व से हस्तक्षेप की मांग करूंगी। बाद में टीएमसी नेता कुणाल घोष ने मोनालिसा से मुलाकात की और उन्हें मामले को देखने का आश्वासन दिया। घोष ने यह भी कहा कि मोनालिसा मौजूदा सांसद की सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों का हिस्सा होंगी।

## भीषण गर्मी के कारण लाइव न्यूज देते समय टीवी एंकर बेहोश



**कोलकाता,एजेन्सी।** देश के अधिकांश हिस्से चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे हैं, जिसके बीच पश्चिम बंगाल में दूरदर्शन के एंकर के लाइव समाचार देने के दौरान बेहोश हो जाने से एक दुखद घटना घटी। घटना के बाद, नई एंकर, जिनकी पहचान लोपामुद्रा सिन्हा के रूप में हुई है, जो दूरदर्शन की कोलकाता शाखा में तैनात हैं, ने अपने फेसबुक हैंडल पर अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में साझा किया। पोस्ट में, उन्होंने उल्लेख किया कि लाइव समाचार प्रसारण के दौरान उनका रक्तचाप काफी कम हो गया, जिससे वह बेहोश हो गईं। उन्होंने आगे बताया कि ठीक महसूस नहीं होने के बावजूद, उन्होंने यह मानकर आगे बढ़ने का प्रयास किया कि एक गिलास पानी पीने से उन्हें बेहतर महसूस होगा। हालाँकि, प्रसारण की प्रकृति के कारण उन्हें पानी पीने का मौका नहीं मिल सका। इसके बाद उसने बताया कि धीरे-धीरे उसकी दृष्टि खत्म हो गई और टेलीप्रॉम्प्टर गायब हो गया, जिसके कारण अंततः उसकी आंखें बंद हो गईं। घटना के पीछे की वजह इलाके में भीषण गर्मी बताई जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के दक्षिणी भाग के कई इलाकों में वर्तमान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो रहा है और आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की आशंका है। इस बीच आईएमडी ने आज के लिए लू की चेतावनी जारी की है. मयूरभंज, संबलपुर, बौध और नयागढ़, क्योंझर, बलांगीर जिलों में एक या दो स्थानों पर गंभीर गर्मी के साथ कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बने रहने की संभावना है।

## ईडन सौना 54 हजार से अधिक प्रशंसक लाखों पानी के पाउच ओआरएस पिये

**कोलकाता,एजेन्सी।** रविवार की चिलचिलाती दोपहरी में केकेआर और आरसीबी के बीच आईपीएल मैच के दौरान ईडन गार्डन्स में 54,000 से अधिक प्रशंसकों ने सामूहिक रूप से कुछ लाख पाउच पानी और ओआरएस गटक लिया, ऐसे समय में जब कोलकाता शायद अपने सबसे लंबे समय तक चलने वाली गर्मी के दौर के बीच में है। 24 साल। पारा 40.3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के साथ, यहां तक कि घरेलू टीम की जीत (केकेआर ने आखिरी गेंद पर आरसीबी को हराया) ने भी दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया।

मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू हुआ, जबकि ईडन टर्फ पर सूरज ढल चुका था। करोड़ों प्रशंसक, जिन्होंने हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए टिकट खरीदने के लिए हजारों पैसे खर्च किए थे या मानार्थ पास सुरक्षित करने में कामयाब रहे, उन्होंने घर से टीवी पर मैच देखने के लिए टिकट छोड़ दिए। अन्य लोगों ने घरेलू टीम को कोहली एंड कंपनी से मुकाबला करते देखने के उत्साह को देखते हुए, जोश में आने का फैसला किया, लेकिन कई लोगों को इस फैसले पर अफसोस हुआ। सेंट जेवियर्स कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रीमोयी चक्रवर्ती ईडन में कोहली को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही थीं, लेकिन स्टेडियम तक नहीं पहुंच सकीं, क्योंकि वह बीच में ही बीमार पड़ गईं और उन्हें घर लौटना पड़ा। उन्होंने कहा, मेरे दोस्त एस्प्लेनेड पर मेरा इंतजार कर रहे थे। मैं दोपहर करीब 1 बजे बेलघरिया से घर से निकली लेकिन एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पहुंचने से पहले मुझे बीमार महसूस हुआ और मैं वापस चली गई। उनके पिता सुप्रियो चक्रवर्ती को लगा कि उन्हें बाहर नहीं निकलना चाहिए था। उन्होंने कहा, दोपहर के समय बहुत गर्मी थी और गर्मी असहनीय थी। मेरी बेटी को असहजता महसूस हुई और मैंने कोई जोखिम नहीं लिया।

एक अन्य क्रिकेट प्रशंसक, सुभाशीष चौधरी, टिकट की व्यवस्था करने वाले एक दोस्त से फोन आने के आधे घंटे बाद अपने नौ वर्षीय बेटे आयुष्मान के साथ ईडन के लिए रवाना हुए थे। सुभाशीष ने कहा, हम क्रिकेट के दीवाने हैं और 20 मिनट के भीतर तैयार होकर मैदान में पहुंच गए। जहां तक आयुष्मान का सवाल है, तो वह कोहली को स्टैंड से देखने के लिए बेताब थे, लेकिन गर्मी परेशान करने वाली नहीं थी। उन्होंने टीओआई से कहा, विराट को लाइव खेलते देखना मेरा सपना था। यहां तक कि मैच भी बहुत ही खतरनाक साबित हुआ, प्रशंसकों का अधिकांश मज़ाक तापमान के इर्द-गिर्द घूमता रहा, जो 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास था, जो 30 के मध्य में जाकर शांत हुआ जब मैच लगभग 8 बजे समाप्त हुआ - लेकिन जो, उच्च आर्द्रता के साथ मिलकर, 40-डिग्री सॉना में होने जैसा महसूस हुआ।

पानी के पाउच तक पहुंच या तो आसान थी या मुश्किल, यह इस पर निर्भर करता है कि आपने किससे पूछा था। अरामिता चौधरी ने कहा कि कई लोगों को प्यासा रहना पड़ा। उन्होंने कहा, वह जगह बहुत गर्म थी और हमें पानी की बोतलें ले जाने की अनुमति नहीं थी। गैलरी में, मैंने पानी के पाउच की कोई व्यवस्था नहीं देखी। लेकिन किद्दरपुर निवासी मोइन सिद्दीकी ने कहा कि ऐसा कोई संकट नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे आसानी से पीने का पानी मिल गया, क्योंकि अंदर पाउच बेचे जा रहे थे। सीएबी के एक अधिकारी ने कहा कि मैदान पर पानी की व्यवस्था केकेआर की जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा, वे हमारे स्टेडियम का इस्तेमाल करते हैं और बाकी सुविधाएं भी वे ही व्यवस्थित करते हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, स्टेडियम में प्रशंसकों के लिए 10 रुपये प्रति पाउच पर पानी खरीदने के लिए काउंटर थे। उन्होंने कहा, काउंटर केकेआर द्वारा स्थापित किए गए थे। उन्होंने कहा कि चार चिकित्सा केंद्रों पर ओआरएस पैक भी उपलब्ध थे। नादिया से आए रोहन अली ने कहा, केकेआर के खेलने के दौरान मैदान पर पसीना बहाकर हमें खुशी हुई। हालांकि, हमें पानी के पाउच खरीदने पड़ते थे, क्योंकि एक पाउच ही पर्याप्त नहीं था। पार्क सर्कस निवासी राकेश सरकार ने कहा कि लगभग 200 मिलीलीटर पानी वाले प्रत्येक पाउच के लिए 10 रुपये का भुगतान करना थोड़ा महंगा था। उन्होंने कहा, मैंने हममें से दो लोगों के लिए पांच पाउच खरीदे लेकिन हमने एक घंटे से भी कम समय में इसे पी लिया। हमें और पाउच खरीदने गए। बांग्लादेश के करीमगंज के रोहन प्रधान जैसे अन्य लोग भी थे, जो दौरे पर शहर आए थे और उन्होंने मैच का टिकट खरीदा था। उन्होंने कहा, बाहर इतनी गर्मी थी कि मैं दोपहर में होटल से बाहर नहीं निकल सका। शाम करीब 6.30 बजे मैं मैच का आखिरी चरण देखने के लिए ईडन गार्डन्स आया।

## शेख शाहजहां की शिकायतों की जांच के लिए अलग-अलग सीबीआई टीमें संदेशखाली के विभिन्न हिस्सों में पहुंचीं

**कलकत्ता-** सीबीआई की अलग-अलग टीमें शनिवार सुबह संदेशखाली के विभिन्न हिस्सों में पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ कथित भूमि हड़पने और यौन उत्पीड़न की कुछ शिकायतों का सत्यापन किया, जो एजेंसी को पिछले कुछ दिनों में मिली थीं।

लगभग एक सप्ताह पहले तक, सीबीआई को शेख शाहजहाँ, उनके भाई आलमगीर और शिबू हाजरा और उत्तम सरदार सहित उनके सहयोगियों के खिलाफ संदेशखाली में जमीन हड़पने और शील भंग करने की 200 से अधिक शिकायतें मिली थीं। शिकायतें कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इस उद्देश्य के लिए बनाई गई एक ईमेल पर भेजी गईं। जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण फरवरी में संदेशखाली द्वीप पर व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। विद्रोह के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उत्तर 24-परगना जिला परिषद के सदस्य शाहजहां को निलंबित कर दिया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें सीबीआई को सौंप दिया गया था।

शिकायतों से लैस, 10 सीबीआई अधिकारी शनिवार को दो टीमों में विभाजित हो गए और कुछ ग्रामीणों से यह जानने के लिए घर-घर गए कि उन्हें क्या कहना है।

जहां एक टीम ने सुंदरीखाली इलाके में कुछ पीड़ितों के घरों का दौरा किया, वहीं दूसरी टीम उन कुछ शिकायतों की जांच करने के लिए संदेशखाली पुलिस स्टेशन गई, जो ग्रामीणों ने पहले दर्ज कराई थीं, लेकिन कथित तौर पर उन पर कार्रवाई नहीं की गई थी। महामाया हलदर, जिन्हें सीबीआई अधिकारियों ने सरबेरिया-अघराती ग्राम पंचायत में उनके घर पर बुलाया था, ने आरोप लगाया था कि शाहजहाँ और उनके सहयोगियों ने उनके परिवार की ज़मीन जबरन छीन ली थी।

हमने कई ग्रामीणों से बात की और उनके द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर उनके बयान दर्ज किए। यह जांच का प्रारंभिक चरण है. इसके बाद, अलग-अलग मामलों को जोड़ दिया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ विशिष्ट मामले तैयार किए जाएंगे, सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा।

## वोट डालने की अपील कर रहे अधिकारी, प्रवासी श्रमिक मतदान करने को इच्छुक




**दुमका, एजेंसी।** झारखंड के 1.70 लाख से अधिक निबंधित श्रमिक दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। अनिबंधित श्रमिक की संख्या इससे कई गुना ज्यादा है। मतदान प्रोत्साहन योजना के तहत जिलों के श्रम अधिकारी इनसे संपर्क कर मतदान में हिस्सा लेने का आग्रह कर रहे हैं। ये प्रवासी श्रमिक वोट देने झारखंड आना चाहते हैं। लेकिन सफर का महंगा खर्च उन्हें रोक रहा है। श्रम विभाग ने एक सेल का भी गठन किया है। यह सेल प्रवासी श्रमिकों से बात कर रहा है। इस सेल ने दुमका जिले के करीब 1500 श्रमिकों को फोन किया और झारखंड आने का आग्रह किया। लेकिन अधिकतर श्रमिकों ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आने में असमर्थता जताई।

राहुल दुमका जिले के मुर्गनी गांव के रहने वाले हैं और सिक्किम में रहते हैं। इसी तरह की मिलती-जुलती कहानी सूरत में डायमंड कंपनी में पॉलिश का काम कर रहे दुमका जिले के अजय कुमार ने कहा कि वोट देने की इच्छा तो है, लेकिन घर जाने के पैसे नहीं हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हमने उन सभी लोगों से अपने गांव-शहर आने की अपील की है, जो नौकरी, रोजगार या पढ़ाई के सिलसिले में बाहर रहते हैं। दूसरे राज्यों में काम करने वाले श्रमिकों से भी घर आकर वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा-मेरा बेटा भी बाहर पढ़ रहा है। मैंने उसे भी वोट देने के लिए आने को कहा है। वहीं दुमका के श्रम अधीक्षक रमेश कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर वर्ग को शामिल होना चाहिए। इसलिए प्रवासी श्रमिकों से संपर्क किया जा रहा है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार आने पर जनता को उनका अधिकार मिलेगा: दिलीप घोष




**कोलकाता,एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के सांसद दिलीप घोष ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों को उनके अधिकार तभी मिलेंगे जब भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा, एक दिन राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और जनता को उनका अधिकार मिलेगा। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो पर तंज कसते हुए कहा कि वोट से पहले वह शेरनी थीं, वोट के बाद वह बिल्ली हैं। घोष ने एक नेता को चोर और एक चोर को नेता बनाकर भ्रष्टाचार पैदा करने के लिए बंगाल नेतृत्व की भी आलोचना की। उन्होंने उन्हें अपने कार्यों के परिणाम भुगतने और किसी सहानुभूति की उम्मीद न करने की चेतावनी दी। वोट से पहले वह शेरनी है, वोट के बाद वह बिल्ली है। जो काम किया है उसका फल भोगो, कोई सहानुभूति नहीं मिलेगी। पूरे बंगाल को भ्रष्टाचार में छोड़ दिया, नेता बना दिया एक चोर में और एक चोर से एक नेता में, उन्हें इसका प्रायश्चित करना होगा। उन्होंने सोचा कि वे बच जायेंगे, लेकिन कोई रास्ता नहीं है, उन्होंने कहा। घोष बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को ममता बनर्जी की टीएमसी पार्टी को गुंडों की पार्टी कहा, जिसे लोगों का समर्थन नहीं है। अधिकारी ने कहा, टीएमसी गुंडों की पार्टी है। टीएमसी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है...गुंडे और पुलिस उनके साथ हैं, लोग नहीं। पहले चरण का मतदान हाल ही में कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी संसदीय क्षेत्रों में संपन्न हुआ। पिछले चुनाव 2019 में इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा ने जीत हासिल की थी। पश्चिम बंगाल के शेष निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान 26 अप्रैल, 4 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे। वोटों की गिनती की जाएगी 4 जून को। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का पारंपरिक रूप से पश्चिम बंगाल में एक मजबूत गढ़ रहा है । 2014 के लोकसभा चुनावों में , टीएमसी राज्य में 34 सीटें हासिल करके प्रमुख ताकत के रूप में उभरी।

इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) केवल 2 सीटें जीतने में सफल रही। सीपीआई (एम) और कांग्रेस ने क्रमशः 2 और 4 सीटें जीतीं। हालाँकि, 2019 के चुनावों में राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया। भाजपा ने 18 सीटें जीतीं, जो उनकी पिछली सीटों से बिल्कुल अलग है। टीएमसी, हालांकि अभी भी बढ़त में है, उनकी सीटों की संख्या घटकर 22 रह गई। कांग्रेस का प्रतिनिधित्व केवल 2 सीटों पर सिमट गया, जबकि वाम मोर्चा कोई भी सीट हासिल करने में असमर्थ रहा। सत्ता की गतिशीलता में बदलाव ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल तैयार किया है। 2019 का चुनाव जीतने के बाद बीजेपी पार्टी अब टीएमसी को उसके गढ़ से उखाड़ फेंकने और पश्चिम बंगाल में प्रमुख राजनीतिक ताकत बनने के लिए एक केंद्रित प्रयास कर रही है । आगामी चुनाव दोनों पार्टियों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण होगा क्योंकि वे अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करना और बढ़त हासिल करना चाहते हैं। (एएनआई)

# भोजपुर में दुल्हन के चाचा को मारी गोली, आरोपी की पिटाई

## अपनी जाति का गाना बजा रहे थे लोग;बदमाश ने अपना गाना बजाने को कहा था




**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में शादी के दौरान जातिसूचक गाना बजाने के विवाद में बदमाशों ने दुल्हन के चाचा संतोष राम (40) को गोली मार दी। उन्हें बाईं जांघ में गोली लगी है। वहीं घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया। घायल शख्स को आननङ्कफानन में इलाज के लिए सहार PHC ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना जिले के सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव की है।

### अपनी नहीं, मेरी जाति का गाना बजाओ

घायल सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव निवासी वकील राम के बेटे संतोष राम हैं। उन्होंने बताया कि उनके चचेरे भाई अंतू राम की बेटी टुन्नी कुमारी की बारात सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव से आई हुए थी। बारात आने के बाद द्वार-पुजाई और जयमाला होने के बाद बारातियों की स्वागत के लिए समियाना में नाच प्रोग्राम का कार्यक्रम रखा गया था। उस कार्यक्रम में हमारे जाति का गाना बज रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहने लगा कि अपनी जाति का गाना बंद करो और मेरी जाति का गाना बजाओ।

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी:** संतोष ने कहा कि वो पिस्टल के बल पर गाना बंद कराकर दूसरा गाना बजवाना चाहता था, जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकी देने लगा। इसके बाद उसने फायरिंग कर दी, जिसमें गोली मेरी जांघ में लगी है। गोली लगते ही ग्रामीणों ने आरोपी को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद सहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आई है। पकड़ा गया आरोपी अगिआंव गांव निवासी गजेंद्र यादव का बेटा सूरज कुमार उर्फ सूरज कांत है। घटना के बाद पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# कहलगांव में आग से चार घर जले, नौ बकरियां जली



**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से चार घर जलकर राख हो गये। जब तक लोग आग पर काबू पाते नौ बकरियां समेत चारों घरों के सामान जल गये। घटना रात में करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। कैलाश पासवान के घर से आग की लपटें उठने पर सोये लोग गर्मी से जान बचाने बाहर निकले। तब तक घर में भीषण आग लग गई चुकी थी। कैलाश पासवान की नौ बकरियां जल कर मर गयी। वहीं उसकी पत्नी भी आग से आंशिक रूप से झुलस गई। चीख पुकार मचने पर लोग आग बुझाने में जुटे थे। तब तक पारन पासवान, पलटू पासवान और नरेश उर्फ सनकी पासवान का भी घर जल गया। सूचना पर अग्निशमन दस्ता ने आग पर काबू पाया। पीड़ित कैलाश पासवान ने बताया कि आग से मवेशी समेत घर का सभी सामान जलने से लाखों का नुकसान हुआ है। अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी ने नुकसान का जायजा लिया। देर शाम तक किसी संगठन तथा अंचल कार्यालय से अग्नि पीड़ित को पॉलिथीन आदि का वितरण नहीं किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में दर्दनाक हादसा ; बेकाबू ट्रक ने दो बाइकों को रौंदा, मौके पर चार की मौत, एक की हालत गंभीर

**लखीसराय, एजेंसी।** बिहार के लखीसराय में तड़के हुए सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दो बाइकों पर सवार होकर 5 लोग जा रहे थे। इसी दौरान बेकाबू ट्रक ने दोनों बाइकों को रौंद दिया। जिसमें मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। आपको बता दें शादी समारोह से सभी लोग लौट रहे थे। वहीं इस घटना के बाद से ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है। घटना मेदनीचौकी थाना क्षेत्र के एनएच 80 हैवतगंज के पास घटी। सड़क दुर्घटना की सूचन पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घायल एक शख्स क अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में तीन लखीसराय और एक मुंगेर जिला का है। मृतकों में पुग्गी यादव, लक्ष्मी महतो, मनीष कुमार, कुणाल कुमार, सूरज कुमार शामिल हैं।

### भगवान शंकर की मूर्ति की देर रात प्राण प्रतिष्ठा की गई

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र के पीरपैंती प्रखंड के उपरबंधा गांव में भगवान शंकर के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान एवं पूजा पाठ के साथ शनिवार की देर रात्रि कर दी गई। मुख्य यजमान रिटायर सूबेदार के साथ पंडितों ने पूजा-पाठ कर प्राण-प्रतिष्ठा करायी। इससे पूर्व मूर्ति को देर रात तक नगर परिक्रमा कराया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जबकि प्राण-प्रतिष्ठा में मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष नवल किशोर पंडित, कन्हैया पंडित, विजय पंडित, अजय साह, घनश्याम पंडित, विनय पंडित गंगाधर पंडित, काली चरण पंडित, राजेंद्र साह आदि दर्जनों लोग भी शामिल थे।

### अहियापुर में सात घर जले, लाखों का नुकसान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना क्षेत्र के विजय छपरा में रविवार की दोपहर आग लगने से सात घर जलकर राख हो गये। घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते-ही-देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन विभाग के दो गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में सात परिवार महेश सहनी, सुरेश सहनी, मनोज सहनी, रिंकू देवी, पवन सहनी, राकेश सहनी, हरेंद्र सहनी का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। राकेश सहनी ने बताया कि उसका टेंट हाउस चलता है। आग लगने से टेंट हाउस के सामान जलकर राख हो गये। महेश सहनी ने बताया की सीएनजी ऑटो कल ही बेचे थे। उसका पैसा भी जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में रखे गहना, कपड़ा, खाने पीने के सामान, बिस्तर आदि जल गये। इनलोगों ने मुआवजे की मांग की है।

### शिविर में 21 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मारवाड़ी युवा मंच मुजफ्फरपुर शाखा और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा रविवार को जूरन छपरा स्थित केजरीवाल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मौके पर संयोजक सूरज कन्दोई, युवा मंच के हरीश जिंदल, संजय जागनानी, आयुष चौधरी, आलोक माखरिया, आभास अग्रवाल, श्वेता हिसारिया, अर्चना बंका व शाखा सह सचिव गोपाल भरतिया मौजूद थे।

### 20 दिन के बच्चे को मां से छीनने का आरोप

**मुजफ्फरपुर/औराई, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के रामखेतारी गांव में विवाहिता से 20 दिन के बच्चे को छीनकर सास एवं पति द्वारा मारपीट कर भगा देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सीतामढ़ी जिला अंतर्गत सोनबरसा थाना क्षेत्र के दलकावा गांव निवासी पुष्पा कुमारी ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उसने आवेदन में बताया है कि उसकी शादी रामखेतारी गांव के सिकंदर कुमार से अगस्त 2020 में हुई थी। गुरुवार को हमारी सास झरोखा देवी एवं पति ने उससे उसके 20 दिन के बेटे रुस्तम कुमार को छीन लिया और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। आवेदन मिलने के बाद थानाध्यक्ष रूपक कुमार ने 112 की टीम को रामखेतारी गांव भेजकर नवजात को उसकी मां के हवाले करवाया।

# रंगोली बनाकर वोट करने का दिया संदेश : स्वीप कोषांग के तहत कार्यक्रम का आयोजन

## अधिकारियों ने कहा-मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश




**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से शहर में मातृ मंदिर स्थित मैदान में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनता से 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सेविका और सहायिकाओं ने अपने-अपने प्रखंड के लिए रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश भी दिया। दिघलबैंक प्रखंड ने लोकतंत्र की जान-आपका मतदान, वोट फॉर बेटर इंडिया, किशनगंज प्रखंड ने अठारह वर्ष कर ली है पूरी-वोट करना है जरूरी, वोट फॉर श्योर आदि संदेश को दर्शाया। इसके साथ ही मैदान के बीच में किशनगंज लोकसभा क्षेत्र का मानचित्र और स्वीप कोषांग का मतदान हेतु संदेश दर्शाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी परवीन जहां ने स्वीप कोषांग की ओर से चलाए जा रहे कार्यों की सराहना की। डीपीओ आईसीडीएस जया मिश्रा और उनकी टीम को इसके लिए धन्यवाद भी दिया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी लतीफ उर रहमान ने भी कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि किशनगंज में मतदान प्रतिशत इस बार सबसे अधिक करवाना है। इसके अलावा रेड क्रॉस के चेयरमैन इच्छित भारद्वाज ने कहा की अगर घर की महिलाओं ने ठान लिया तो घर के सभी मतदाता मतदान करने जाएंगे। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि अभी जिला स्तरीय कार्यक्रमों के साथ पंचायत में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस कड़ी में सोमवार को सभी पंचायतों में कार्यक्रम होना है।

### ये रहे उपस्थित

मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी मो मिनहाजुद्दीन, डीपीओ आईसीडीएस जया मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी परवीन जहां, अनुमंडल पदाधिकारी लतीफ उर रहमान, भूमि सुधार उप समाहर्ता शिव शंकर पासवान, सीडीपीओ प्रियंका कुमारी, सीडीपीओ निशा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन इच्छित भारद्वाज, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव आभास कुमार साहा आदि लोग मौजूद थे।

## रात के अंधेरे में किसान जला रहे पराली:9 विभागों पर लगाम लगाने की जवाबदेही

# सख्ती के बाद भी नहीं मान रहे किसान

**नालंदा, एजेंसी।** गेहूं की कटनी शुरू होते ही पराली जलाने की शिकायतें भी तेज हो गई हैं। किसान खेतों में फसल अवशेष जलाने से नहीं मान रहे हैं। नौ विभागों को आपस में समन्वय बनाकर पराली जलाने पर लगाम लगाने की जवाबदेही दी गई है, लेकिन सारे विभाग किसानों को जागरूक करने में फेल हो रहे हैं। वहीं नियमों को ताख पर रखकर कम्बाइन हार्वेस्टर संचालक कृषि विभाग से बिना अनुमति लिए ही फसल की कटनी कर रहे हैं। विभागों की अनदेखी और किसानों की मनमानी का खामियाजा पर्यावरण को भुगतना पड़ रहा है। गिरियक, नगरनौसा, नूरसराय, चंडी, हरनौत समेत कई स्थानों पर फसल अवशेष जलाये गए हैं। हरनौत-चंडी रोड में मिल्कीपर खंधे में एक-दो नहीं, कई बीघे खेत में पराली जलाई गयी है। रात के अंधेरे में नजारा ऐसा था कि खंधे में जिधर देखो, उधर आग ही आग नजर आ रही थी। विडंबना यह कि कई घंटे तक खाली पड़े खेत में फसल अवशेष जलते रहे। लेकिन, नौ विभागों में से किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। सच्चाई यह भी कि कृषि विभाग के समन्वयक और सलाहकार पंचायत स्तर पर ही तैनात रहते हैं।

**दो दिन पहले डीएम ने दिया था निर्देश :** दो दिन पहले ही डीएम शशांक शुभंकर ने कृषि,



वन्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पशुपालन, सहकारिता, पंचायती राज, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। स्पष्ट निर्देश दिया था कि पराली जलाने पर हर हाल में फुल स्टॉप लगायें।

किसानों को जागरूक करें। होने वाले नुकसान से उन्हें अवगत कराएं। जरूरत पड़े तो कार्रवाई भी करें। इधर, कृषि अभियंत्रण के सहायक निदेशक अजय कुमार बताते हैं कि सेटेलाइट लोकेशन के आधार पर अबतक पांच जगहों पर पराली जलाने के मामले में संबंधित पंचायत स्तर पर तैनात कर्मियों को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। दोषी पाये जाने पर संबंधित किसानों का डीबीटी पोर्टल से निबंधन रद्द कर दिया जाएगा। तीन साल तक कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

# दीप जलाने के दौरान झुलसी बुजुर्ग महिला :गंभीर हालत में पटना रेफर

## 80 फीसदी तक जल चुकी थी महिला

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाने के पतैलिया गांव में रविवार देर शाम घर में दीप जलाने के दौरान एक बुजुर्ग महिला के शरीर में आग लग गई, जिससे महिला गंभीर रूप झुलस गई। बुजुर्ग महिला गांव के स्व. कल्लर साह की पत्नी वोढनी देवी (70) वर्ष बताई गई है। महिला को परिवार के लोगों को विभूतिपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में उसकी गंभीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। परिवार के लोग रात में ही महिला को उपचार के लिए पटना ले गए।

### प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर

घटना के संबंध में बुजुर्ग महिला बहू सुनीता देवी ने बताया कि उनकी सांस देर शाम घर की सांझ बत्ति देने के लिए दीप जलाने के लिए गई थी। इसी दौरान उनके शहीर में अचानक आग लग गई। जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस



गई। महिला के चिखने चिल्लाने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो आग बुझा कर बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### 80 फीसदी तक जल चुकी थी महिला

बुजुर्ग की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के ऑल ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें पटना रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार महिला करीब 80 फीसदी तक जल चुकी थी। महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है।



# अगलगी की घटना को लेकर अलर्ट मोड पर फायर ब्रिगेड

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में बढ़ती गर्मी के साथ लगातार आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर है जिला अग्निशमन टीम अलर्ट मोड पर काम कर रही है। इस दौरान ऐसे स्थान जहां दो से तीन वर्ष में अधिक अगलगी की घटना घटी है। उसे चिन्हित कर लिया गया है। अगलगी में कम से कम क्षति हो, इसको लेकर छोटी दमकल के साथ अग्निशमन की टीम को अलग-अलग इलाकों में तैनात किया गया है।इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

### जागरूता को लेकर लगातार काम रही है टीम

जिला अग्निशमन विभाग के समादेष्टा त्रिलोक नाथ झा ने बताया इन दिनों गर्मी काफी बढ़ गई है साथ ही गर्म हवा चल रहा है। इससे अगलगी की घटना में वृद्धि हो रही है। टीम ने पहले भी जागरुता को लेकर लगातार काम रही है इस वजह से पिछ्ले साल की तुलना में इस बार कम अगलगी की घटनाएं हुई है, जिसको लेकर हम लोग आगे भी काम कर रहे हैं।

# किशनगंज में बोले ओवैसी, जब तक जिंदा रहूंगा सीमांचल के हक की आवाज बुलंद करुंगा

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज जिले के बहादुरगंज कालेज ग्राउंड में रविवार शाम एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरुल ईमान के पक्ष में पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने चुनावी सभा को किया। अपने भाषण के दौरान ओवैसी ने कांग्रेस और एनडीए पर तीखा राजनीतिक प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सीमांचल की आवाज दिल्ली पार्लियामेंट में गूंजना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक जिंदा रहूंगा सीमांचल के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ूगां। औवेसी ने कहा कि चुनाव में सीमांचल की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए वोट करें। औवेसी ने सीएए और एनआरसीसी का विरोध किया। गौरतबल है कि एआईएमआईएम ने किशनगंज, अररिया, कटिहार, दरभंगा, बक्सर, मुजफ्फरपुर, उजियारपुर, काराकाट, भागलपुर, गोपालगंज, शिवहर, पाटलिपुत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। किशनगंज लोकसभा सीट से अमौर के विधायक व एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान खुद चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार भी किशनगंज से ही लोकसभा का चुनाव लड़ा था। लेकिन त्रिकोणात्मक लड़ाई में यहां से कांग्रेस की जीत हुई थी।

बता दें कि एआईएमआईएम ने सीमांचल खासकर किशनगंज, अररिया और पूर्णिया में अच्छा-खासा जनाधार बनाया है। 2020 के पिछ्ले विधानसभा चुनाव में उसने तीनों जिलों में जीत का स्वाद भी चखा। उसके



पांच विधायक जीते। इनमें किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में बहादुरगंज, कोचाधामन, अमौर और बायसी जबकि अररिया लोकसभा क्षेत्र में जोकीहाट में उनका विधायक जीता था। हालांकि तकनीकी रूप से अमौर व बायसी पूर्णिया जिले के प्रखंड हैं, लेकिन किशनगंज लोकसभा के क्षेत्र हैं।

## समाहरणालय सभागार में हुई सभी कोषांगों की बैठक



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु गठित सभी कोषांगों की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और प्रभारी पदाधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों के आवंटित कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त द्वारा कार्मिक कोषांग, सामान्य निर्वाचन कोषांग, सामग्री कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, वाहन कोषांग, मीडिया कोषांग समेत अन्य कोषांगों की समीक्षा की गई। बैठक में दिनांक 18 अप्रैल तक जिला के सभी प्रखण्डों के भौतिक निरीक्षण संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई जो निरीक्षण वरीय पदाधिकारियों द्वारा की गई थी। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार और सभी कोषांगों के वरीय, नोडल व प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भंडरा प्रखंड क्षेत्र के जमगाई में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**संवाददाता–**लोहरदगा–घटना भंडरा प्रखंड क्षेत्र की है जहां 34 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।बताया जा रहा है कि भंडरा प्रखंड क्षेत्र के जमगाई नारदो टोली निवासी शिव उरांव 34 वर्ष जिसने अपने घर में ही साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेते हुए कार्रवाई में जुट गई है।इस मामले में ग्रामीणों तथा परिवार वालों ने बताया मृतक शिव उरांव की मां की मृत्यु होने के बाद वो सदमें में रहता था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मामला दर्ज किया है।

## जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के अमरवाडीह ग्राम निवासी संतोष गंझु 45 वर्ष पिता मोती गंझु ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया ।घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर धुर्व कुमार के द्वारा किया ।वही बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर किया गया ।हालांकि संतोष गंझु ने जहर किस कारण से खाया यह पता नहीं चल पाया ।

## भद्रकाली कॉलेज में आंखों का निःशुल्क जांच का आयोजन, सैकड़ो लोग जांच कराई

**इटखोरी,** भद्रकाली महाविद्यालय में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन एनएसएस इकाई 1 एवं 2 के तत्वावधान में अफरोज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टि आई हॉस्पिटल चौपारण के सौजन्य में किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र/ छात्राओं, महाविद्यालय के शिक्षक, तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों व बलिया, सोनिया, परसौनी, सोनासीमर , पचमो गांव के ग्रामीणों ने आंखों की जांच मुफ्त में दवाइया परामर्श दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की। इसके पूर्व नेत्र चिकित्सकों एवं तकनीकी कर्मियो के महाविद्यालय पहुंचने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम में डॉक्टर मोश मोहसिन रज्जा, मोश इफ्तेखार आलम, मोश इरफान खान, मोश शाहरुख खान, एवं शांति देवी शामिल रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.श्यामसुंदर प्रसाद, प्रो.सकेंद्र मिस्त्री, प्रो.ललित मोहन सिन्हा, प्रो. जेपी.दांगी, प्रो.संदीप कुमार, सहित महाविद्यालय कर्मियों का योगदान रहा।

## मतदाता जागरूकता अभियान, छात्रों में बड़ी उत्साह




**इटखोरी–**मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। मतदान को स्वच्छ एवं निर्भीक पक्षपात रहित ,बिना किसी प्रलोभन के जाति धर्म से ऊपर उठकर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। उन्होंने कहा की सभी को पहले मतदान फिर जलपान के नारे पर अमल करना चाहिए। प्रो.ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। एक एक मत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो जानकी प्रसाद दांगी, प्रो श्याम सुन्दर प्रसाद, सकेंद्र मिस्त्री, डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार, डॉक्टर ईवा सिन्हा, मधुबाला, लिलुरानी, प्रो ललित सिंह, धीरेंद्र यादव, संदीप कुमार, राकेश कुमार, पंकज कुमार, महेंद्र ठाकुर, मोइद्दीन अंसारी, सहित छात्र/छात्राएं उपस्थिति रही।

# विद्यालय के विकास के लिए हमेशा सहयोगी रहूंगा - सुनील चन्द्र



**कुडू –** लोहरदग़ा – कुडू प्रखंड के जिंगी स्थित रा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के कराटे खिलाड़ियों का रांची से चैंपियनशिप खेलकर विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सह जिंगी पंचायत सचिव सुनील चंद्र कुंवर ने सभी खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल के साथ ही सभी क्षेत्र में विद्यालय के छात्र-छात्राएं निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं ये प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी एवं उनकी पूरी टीम की मेहनत को दर्शाता है। उन्होने कहा कि मौके पर सुनील चन्द्र कुंवर ने कहा कि विद्यालय के विकास में विशेष कर भौतिक संरचना और संसाधन को बेहतर बनाने में हमेशा सहयोग करूंगा। गौर तलब है कि सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एंड ईमा के सौजन्य से रांची के बिशॉप स्कूल में दिनांक 20एवं 21 अप्रैल को आयोजित 11वी ईमा कप सिकोकाई कराचे चैंपियनशिप 2024 में प्रथम दिन काता प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अदनान अंसारी, रौशनी उरांव,अब्दुल्लाह अंसारी और मोहन टाना भगत ( मवि तान) चारों खिलाड़ी चार गोल्ड मेडल तथा दुसरे दिन तीन गोल्ड मेडल एवं एक ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाने में सफल रहे। संकुल प्रधान अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में रांची गए खिलाड़ियों ने कुल आठ मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम एक बार रौशन किया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षकाएं सरिता टोप्पो, मोनिका उरांव, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी, मैजिक बस संस्था से दशरथ कुमार, राकेश प्रसाद एवं विनय कुमार अभिभावक सरफराज अंसारी, करमचंद टाना भगत, कलीम अंसारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में नाम शामिल को लेकर चला जागरूकता अभियान




**चतरा,** लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को चतरा प्रखण्ड के किशनपुर टोंगरी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। मतदाताओं को जानकारी दिया गया कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में शामिल नहीं है वे 23 अप्रैल के संध्या तक बीएलओ से सम्पर्क कर या ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूचि में अपना नाम शामिल करवा लें। साथ ही बताया गया कि जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है वो भी अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करलें। साथ ही उपस्थित युवा वर्ग के मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि अगर अभी तक आपके जान्ने, पहचान्ने या साथी का नाम मतदाता सूचि में शामिल नहीं हो सका है उनका नाम मतदाता सूचि में अवश्य शामिल कराएं। हर एक मतदाता का वोट महत्वपूर्ण है। उक्त बाते जिला क्रिड़ा पदाधिकारी तुषार राय द्वारा कही गई। वहीं जिले भर में छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने हेतु तरह तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे मतदाता अपना मत का प्रयोग करने से वंचीत न रह जाय। इसी कड़ी में कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कोल्हैया पंचायत में भी मतदाता शपथ, बैनर पोस्टर, स्लोगन का नारा लगा कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिला प्रशासन का उद्देश्य चतरा लोकसभा क्षेत्र में सभी पात्र मतदाताओं को मत का अधिकार दिलाते हुए अधिक से अधिक मतदान कराना है।

## किस्को क्षेत्र में आंधी तूफान ने मचाया जमकर तबाही, दर्जनों परिवार का उड़ा आशियाना

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को दोपहर बाद आई अचानक आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाया है, इससे दर्जनों परिवार बेघर हो गए हैं, कई परिवार के पास सिर छिपाने की चिंता बनी हुई है। यहां पर बता दें कि जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में मौसम का अचानक मिजाज बदलते ही जमकर आंधी तूफान और हवा चली, जिससे क्षेत्र के करीब असहाय परिवार वालों के घरों को जमकर उत्पात मचाया है। उल्लेखनीय है कि किस्को मुख्य चौक के पश्चिमी तट पर स्थित ग्राम पंचायत परहेपाट के किस्को निवासी ललिता उरांव जो होटल संचालित कर अपने बाल बच्चों का पढ़ाई-लिखाई और भरण-पोषण महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर चलाती थी, अचानक आई आंधी तूफान ने ललिता उरांव के होटल में लगाई गई टिन का 19 एडवेस्टस को उड़ा ले गया जिससे ललिता उरांव के समक्ष घर चलाने की चुनौती आ पहुंचा है। वहीं सोमवार दोपहर में आई अचानक आंधी तूफान ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अति सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत पाखर के सलैया अम्बा टोली निवासी लालू उरांव का 50 एडवेस्टस और रामलीला देवी का 10 एडवेस्टस एवं दुलारी देवी के घर में लगाया गया लगभग 5 एडवेस्टस को आंधी तूफान ने उड़ा ले गया। साथ ही दुर्गी देवी और सुरेन्द्र उरांव के घर पर लगाया गया लगभग 10 एडवेस्टस को भी आंधी तूफान ने उड़ाकर घर से लगभग 5 सौ मीटर की दूरी पर ले जाकर फेंक दिया। इधर सोमवार को दोपहर बाद आई अचानक आंधी तूफान से क्षेत्र के गरीब असहाय परिवार वालों के उपर जमकर उत्पात मचाया है जिससे इन परिवार वालों को सिर छिपाने को लेकर काफी चिंतित कर डाला है। इधर इस संदर्भ में बीडीओ सह सीओ अरूण उरांव ने कहा कि संबंधित क्षेत्र के कर्मियों से सत्यापन कर पीड़ित परिवार वालों से लिखित आवेदन के साथ क्षतिग्रस्त आवास व होटल का फोटो प्राप्त कर आपदा प्रबंधन विभाग के तहत अग्रतर कार्रवाई कर सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## भल्लूकित्ता गांव के समीप पानी से भरे गड्ढे में तैरते हुए शव को पुलिस ने किया बरामद

**महागामा/गोड्डा गोड्डा** जिले के महागामा थाना क्षेत्र भल्लूकित्ता गांव के समीप पाइप लाइन के लिए खोदी गई गड्ढे से पानी में तैरते हुए एक लाश को पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान नकुल यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक केंचुआ चौक में रहता था और दुकानों में झाड़ू-पोंछा लगाकर अपना भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना आसपास के गांवों में फैलते ही भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना को लेकर ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि मृतक शनिवार को पतरकानी हाट गया होगा और शौच जाने के कारण पैर फिसलने से पानी



भरे गड्ढे में गिर गया होगा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही महागामा थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद शव को गहरे पानी से बाहर निकाला फिर शव को वाहन से थाना लाया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना को लेकर महागामा थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह ने बताया कि मृतक शराब के नशे में होगा जिसके कारण पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मृत्यु हो गई है। मृतक की पहचान अब तक स्पष्ट रूप से नहीं हो सकी है,पुलिस परिजन से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

# शैख बिरादरी के जिक्र ए जावेदां पुस्तक का हुआ विमोचन

**हनवारा** महागामा प्रखंड अंतर्गत समरी पंचायत के मदरसा हसन बन्ना के अहाते में बीते रात पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गोड्डा जिला एवं सीमावर्ती क्षेत्र के सैकड़ो बुद्धिजीवी, शिक्षाविद ,समाजसेवी एवं शिक्षण संस्थान के संचालक उपस्थित थे। डॉक्टर अब्दुल मजीद नदवी के द्वारा लिखित पुस्तक ÷शैख बिरादरी के जिक्र ए जावेदां ÷नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह की अध्यक्षता इमारत शरिया बिहार,झारखंड और उड़ीसा के पूर्व काजी मौलाना सफीक आलम कासमी के द्वारा किया गया। संचालन बिहार के बांका जिला के धोरैया प्रखंड के शिक्षाविद एवं अलफला स्कूल के डायरेक्टर मौलाना इलियास समर कासमी एवं मदरसा राबता ए इस्लामी के अध्यक्ष मुफ्ती जाहिद अमान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पुस्तक में मुस्लिम समुदाय के शेख बिरादरी के इस इलाके में आगमन, उनका गौरवमयी इतिहास, अतीत में स्थापित किए गए अंजुमन एवं सामाजिक संगठनों और वर्तमान में उनके शिक्षा व्यवस्था के बारे में प्रकाश डाला गया है। पुस्तक का विमोचन झारखंड शैख कल्याण मंच के संस्थापक सुलेमान जहांगीर आजाद, जिला पार्षद अरशद वहाब, मौलाना मुर्शीद आलम नदवी, मौलाना इकराम उल हक नदवी, मौलाना अब्दुल हलीम नदवी, मौलाना रफीक आलम कासमी, मौलाना नजीरुद्दीन नौसा, बसंतराय ईदगाह के इमाम मौलाना मुबारक हुसैन कासमी, शहीद ए वतन अशफ़ाकउल्ला खान मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष मो. आफताब आलम, सेवानिवृत्त इंजीनियर अजहर हुसैन, इंजीनियर वहीदुज जमां, स्थानीय मुखिया मिन्हाज आलम एवं अंजुमन तरक्की उर्दू गोड्डा के उपाध्यक्ष नौजवान शायर शम्स परवाना के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पुस्तक विमोचन के उपरांत सभा को संबोधित करते हुए झारखंड शैख कल्याण मंच के संस्थापक मो. सुलेमान जहांगीर आजाद ने कहा कि इस सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले शैख बिरादरी का इतिहास, उनके अतीत और वर्तमान को पुस्तक के शक्ल में लिखकर डॉक्टर अब्दुल मजीद ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति, समाज एवं बिरादरी के उत्तरोत्तर विकास में अच्छी पुस्तक की माहिती भूमिका होती है, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रहने वाले शेख बिरादरी के आगमन इराक के मुसल शहर से कड़क मणिपुर हुआ और फिर वहां से माइग्रेट करते हुए बिहार शरीफ के रास्ते से इस इलाके में बस गए और इसके कुछ परिवार पूर्णिया जिला में बस गए उन्होंने शेख बिरादरी के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। पुस्तक के महत्व को बताते हुए कहा कि

सुरूर ए ईल्म है,कैफ ए शराब से बेहतर कोई रफीक नहीं किताब से बेहतर। आगे उन्होंने जोशीले अंदाज में कहा कि ÷÷नौजवानों के इरादे को हम कमजोर नहीं होने देंगे। उनके हाथों में फूल तो जिगर फौलाद का बना देंगे। पुस्तक विमोचन समारोह की अध्यक्षता कर रहे हैं इमारत शरिया के पूर्व काजी मौलाना शफीक आलम ने पूरे क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थाओं के अतीत और वर्तमान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए काहा कि बगैर शिक्षा के हम आगे नहीं बढ़ सकते। क्षेत्र के रौशन भविष्य के लिए बच्चे और बच्चियों के हाथों में कलम और किताब को थामा कर उनकी बेहतर परवरिश करते हुए क्षेत्र में आइएएस और आईपीएस बनाने हेतु शैक्षणिक वातावरण को बनने पर ज़ोर दिया जाए। डॉक्टर अब्दुल मजीद ने क्षेत्र से आए हुए बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं शिक्षाविदों का धन्यवाद ज्ञापन किया। दुआ के साथ पुस्तक विमोचन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र और देश में अमन शांति और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई।

# दीपिका का टिकट कटते ही निशिकांत अपने संकल्प पर हुए अडिग,तो दीपिका ने दिखाई दारियादिली

**साजन मिश्रा**

**गोड्डा** गोड्डा की राजनीति में महागठबंधन ने बड़ा बदलाव किया है,गोड्डा सीट से घोषित प्रत्याशी दीपिका का टिकट काटकर प्रदीप यादव को गोड्डा सीट से लड़ाने का फैसला लिया है। आपको बता दें कि बीते मंगलवार को गोड्डा सीट से महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह का नाम जारी हुआ था जिसके बाद खेमेबाजी में बटी गोड्डा कांग्रेस की राजनीति ने पार्टी कार्यालय से लेकर सड़क तक में जमकर विरोध जताया था,विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं में अधिकांश प्रदीप यादव के समर्थक व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता थे, जिसे दीपिका को टिकट मिलना नागवार गुजर रहा था और गोड्डा सीट से प्रत्याशी पर पुनर्विचार करते हुए प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाने की मांग कर रहे थे, जबकि दीपिका इन सब से हटकर अपने चुनावी समीकरण को मजबूत करने में जुटी थी लेकिन रविवार शाम दीपिका का टिकट कट गया और प्रदीप यादव को गोड्डा का प्रत्याशी घोषित किया गया।

**प्रदीप के घोषणा होते ही निशिकांत हुआ शांत :** वर्तमान सांसद और गोड्डा से भाजपा के तरफ से घोषित प्रत्याशी निशिकांत दुबे अपने एक भाषण के दौरान कहा था कि अगर गोड्डा सीट से प्रदीप यादव को टिकट मिलेगा तो वे प्रचार नहीं करेंगे, लेकिन इस बीच जब दीपिका पांडे का नाम आया तो उन्होंने अपने दिए बयान के विपरीत आगामी 23 अप्रैल से लोकसभा क्षेत्र के सभी गांव में पहुँचने की बात कही लेकिन जैसे ही रविवार शाम महागठबंधन ने गोड्डा सीट को दीपिका से छीन कर प्रदीप को दिया तो वैसे ही निशिकांत पुनः द्वारा किये गए घोषणा कर कायम हो गए। निशिकांत ने सोशल मीडिया के जरिये से जानकारी देते हुए कहा कि अब उन्हें कोई प्रचार करने की जरूरत नहीं है यानी निशिकांत के विरोधी बने प्रदीप यादव से निशिकांत को कोई खौफ नहीं है।

**दीपिका ने दिखाई दारियादिली :** दीपिका को लोकसभा का सपना दिखाकर टिकट को छीन लेना दीपिका के लिए कोई असामान्य बात नहीं बनी,दीपिका ने अपना दरियादिली दिखाते हुए कहती है कि ऐसे कई टिकट राहुल गांधी के लिए कुर्बान है। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव को सहयोग रहेगा,महगामा से पार्टी को बढ़त दिलाऊंगी।

आपको बता दें कि झारखंड के हॉट सीट में से गोड्डा सीट पर भाजपा ने शुरू में ही लगातार तीन बार से सांसद रह रहे निशिकांत को ही अपना प्रत्याशी चुना,जबकि महागठबंधन के तरफ गोड्डा में तीन-तीन प्रबल दावेदार के कारण प्रत्याशी की घोषणा करने में देर हो रही थी और अगर दीपिका को प्रत्याशी बनाया भी तो कांग्रेसी खेमेबाजी का शिकार हो गयी और टिकट कट गया। हलांकि चुनावी सरगर्मी साफ-साफ दिखने लगी है,जहां चुनौती, आक्रोश, विरोध नारेबाजी के बीच गोड्डा इन दिनों सुर्खियों में है।

# सड़क दुर्घटना में ग्रामीणों ने घायल को किया सहयोग



**संवाददाता सेन्हा–लोहरदगा–**सड़क दुर्घटना में कार चालक गम्भीर रूप से घायल स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल भेजवाया गया। समाचार भेजे जाने तक घायल की स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर धर्मराज पब्लिक स्कूल के समीप ट्रांसफार्मर के पास खड़ी बॉक्साइड खाली ट्रक में कार सवार अनियंत्रित होकर टकरा गया। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि कार सवार सेन्हा ग्राम निवासी स्व0 परमेश्वर साहू के 26 वर्षीय पुत्र आकाश साहू घायल हो गया। जिसको ग्रामीणों के सहयोग से कार में दबे युवक को निकाल कर लोहरदगा सदर अस्पताल निजी वाहन से पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की कार नंबर जे एच 01ई एल 5693 में सवार आकाश साहू लोहरदगा के तरफ से अपने घर सेन्हा जा रहा था कि घर पहुंचने से आधा किलो मीटर पहले धर्मराज पब्लिक स्कूल के पास खड़ी ट्रक संख्या जे एच 08 डी 9206 में अनियंत्रित होकर पीछे टकरा गया। आस पास के लोग बताते है की एक स्कूटी सवार को बचाने में घटना घटी है। सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच कर क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर सुरक्षित थाना में रखते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। फिलहाल घायल आकाश साहू का स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है।

# भाजपा लोहरदगा जिला संचालन समिति की बैठक संपन्न




**लोहरदगा–** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला संचालन समिति की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय बख्शिडीपा में जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उराँव, सह संयोजक राकेश प्रसाद, मदनमोहन पाठक, अजातशत्रु आदि के साथ ही सभी मंडल के संजोजक व सह संयोजक मुख्यरूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव सभी कार्यक्रमों के साथ साथ हमारा मुख्य लक्ष्य बूथ पर सफलता मिलनी चाहिए। इसमें सभी स्तर के कार्यकर्ता को स्वयं से जिम्मेवारी के साथ अपना योगदान सुनिश्चित करना है। हम सभी की संगठन में पहले कार्यकता का पद होता है, जो सभी दायित्वों से उपर है। बैठक में चंद्रशेखर अग्रवाल, नीरज कुमार नलिनसूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, तरूण देवघरिया, धीरज प्रसाद, मुरलीधर अग्रवाल, सामेला भगत, मीणा बख्ला, भारती सिन्हा, सरिता देवी सजल कुमार, विजय कुमार, प्रकाश नायक, रितेश प्रसाद, सरोज प्रजापति, अनिल उरांव, सजल कुमार, अमर उरांव, बजरंग करुआ, धीरज कुमार पाठ सहीत अन्य उपस्थित थे।

# सीएम योगी बोले- वोट में बदल रहा लोगों का उत्साह, प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी मोदी सरकार

**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है।

**वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है-** एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है।



पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। तुष्टिकरण के नाम पर वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा ऐसे सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है।

पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर फिर से हुए हमले चिंता का विषय भी हैं और साथ-साथ देश के लोगों के लिए संदेश भी है कि यह लोग जब शांतिपूर्ण ढंग से निकलने वाली शोभायात्राओं को ही सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो बहन-बेटियों और सामान्य नागरिकों को क्या सुरक्षा दे पाएंगे। चुनाव सबसे अच्छा अवसर होता है, जब हम तथाकथित सेक्युलर लोगों व दलों को संदेश दे सकते हैं। अपने मत से इन्हें स्पष्ट संदेश दें कि हमारी भावनाओं से खिलवाड़ करोगे और सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को प्रश्रय दोगे तो फिर चुनाव में हम भी उसी प्रकार से जवाब देंगे।

### छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित, जितना उत्तर प्रदेश व अयोध्या

रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले सीएम योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल व मां कौशल्या का मायका है। छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं कि %छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया% क्योंकि हर सनातन धर्मावलंबी छत्तीसगढ़ को ननिहाल के रूप में मानता है। ननिहाल जाना सबको अच्छा लगता है। स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित हैं, जितना उत्साहित उत्तर प्रदेश, पूरा देश और हर सनातन धर्मावलंबी है।

आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद बनाने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा। देशवासियों के लिए मोदी जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी जी तक पहुंचाने का यह अवसर है। लोकतंत्र के अगले चरण हम सभी को यह अवसर प्रदान करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अप्रशिक्षित चिकित्सक की दुकान पर छापा, कागज दिखाने के लिए दिया समय

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अकराबाद में किराए की दुकान पर चल रही अप्रशिक्षित चिकित्सक की दुकान पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 21 अप्रैल को छापा मारा। दुकान बंद कराने के साथ ही अप्रशिक्षित डॉक्टर को कागजात दिखाने के लिए समय दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि गांव धौरी निवासी एक व्यक्ति अकराबाद में विजयगढ़ चौराहे के निकट क्लीनिक चला रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से उसके अप्रशिक्षित होने की शिकायत मिली। इस पर जांच करते हुए उस क्लीनिक को बंद करा दिया गया है। चिकित्सा करने संबंधी जरूरी कागजात न दिखा पाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### खनन का धंधा करने वाले युवक की गोली मारकर हत्या, सड़क पर पड़ा मिला शव

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के बिथरी थाना क्षेत्र में गांव महेशपुरा निवासी युवक अमन की हत्या कर दी गई। अमन का शव हाईवे किनारे नवदिया हरकिशन गांव के मार्ग पर पड़ा मिला। उसके सिर में गोली मारी गई है। रविवार आधी रात के बाद सूचना पर पहुंची बिथरी थाना पुलिस ने शव की पहचान कराकर परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अमन खनन का काम करता था और मिट्टी भराव डलवाने के लिए ऑर्डर लेता था। बताया जा रहा है कि इसी धंधे से जुड़े लोगों ने उसकी हत्या की है। अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। हत्या के सिलसिले में एक्स पर शिकायत की गई है। लोगों ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस घटना से जुड़े बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### लाइब्रेरी में सीट को लेकर विवाद, तमंचे से फायर, तीन गिरफ्तार कर भेजे जेल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** कस्बे के शांतिपुरम कॉलोनी स्थित एक लाइब्रेरी में सीट के लिए छात्रों के बीच विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष ने पिटाई करते हुए तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला कर दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तीन युवकों को दबोचा, जिन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

देवेश पुत्र चरन सिंह के अनुसार उनका चचेरा भाई वीरू लाइब्रेरी में पढ़ने जाता है। गांव टमोटिया निवासी बाबी पुत्र रामनरायन भी वहां पर पढ़ने आता है। दोनों के बीच सीट पर बैठने को लेकर कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। 20 अप्रैल की शाम करीब साढ़े छह बजे बाबी अपने साथ गांव के पुष्पेंद्र फौजी पुत्र श्याम सिंह, सोनू व मोनू पुत्रगण भूरी सिंह, रविंद्र सहित आठ-दस अज्ञात युवकों को लेकर उनके घर पर आ गया। आरोपियों ने उनके भाई को पीटने के साथ तमंचे से फायर किया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल सुरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अतिरिक्त निरीक्षक सुभाष बाबू कठेरिया व एसआई संदीप कुमार ने आरोपी बाबी, सोनू और मोनू को पकड़ लिया। तीनों को जेल भेजा गया है।

### कलश यात्रा में बही भक्ति की बयार, गीतों से गुंजायमान रही गलियां

**मऊ , एजेंसी।** मऊ जिले के कोपागंज विकासखंड क्षेत्र के नगर पंचायत कुर्थीजाफरपुर में सोमवार को श्री राम जानकी शिव मंदिर सेवा न्यास कुर्थीजाफरपुर के तत्वाधान में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री राम जानकी शिव मंदिर से होकर पूरे नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पूराघाट के तमसा नदी के किनारे पर पहुंची, जहां से श्रद्धालु मटकी में पानी लेकर मंदिर पर पहुंचे। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय रहा। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे नगर क्षेत्र की अनेक कन्याओं ने पीला वस्त्र धारण कर अपने सिर पर मटकी लेकर करीब तीन किलोमीटर तक कलश यात्रा के साथ चलती रहीं। भक्ति गीतों और कलश यात्रा की भव्यता लोगों को आनंदित करती रही।

# मंडल कोऑर्डिनेटर और जिलाध्यक्ष बसपा से निष्कासित, मायावती के आदेश पर हुई कार्रवाई

**बरेली, एजेंसी।** बरेली लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार का पर्चा खारिज होने और आंवला सीट से पार्टी के दो प्रत्याशियों के नामांकन होने से उठे विवाद की गाज बसपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह और मंडल कोऑर्डिनेटर ब्रह्मस्वरूप सागर पर गिरी है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आदेश पर दोनों पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। अनुशासनहीनता और दूसरे दल के प्रत्याशी से नजदीकी इसकी वजह मानी जा रही है।

आंवला लोकसभा सीट से बसपा ने पहले आबिद अली को प्रत्याशी घोषित किया था। बाद में शाहजहांपुर जिले के निवासी सत्यवीर सिंह ने खुद को बसपा प्रत्याशी बताकर पर्चा दाखिल कर दिया। शुरू में तो प्रशासन ने भी सत्यवीर को सही मानते हुए आबिद अली का पर्चा खारिज कर दिया, लेकिन ऐन वक्त पर आबिद का पर्चा बहाल कर सत्यवीर का नामांकन खारिज किया गया। अब आबिद अली ने सत्यवीर सिंह को सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य का करीबी बताकर गहरी



साजिश जताकर रिपोर्ट कराई है।

चर्चा है कि आबिद अली व संगठन के कुछ लोगों ने पार्टी के मौजूदा पदाधिकारियों पर भी घटनाक्रम का सूत्रधार होने की आशंका जताई है। आर्थिक समझौते जैसी बातें भी सोशल मीडिया पर तैर रही हैं। यही वजह रही कि महज 24 घंटे के भीतर ही बसपा प्रमुख ने दोनों नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

### ओमकार कातिब को सौंपी गई जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

बसपा जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अब ओमकार कातिब को सौंपी गई है। बताते हैं कि निष्कासन संबंधी जारी पत्र में कहा गया है कि ब्रह्मस्वरूप सागर और जिलाध्यक्ष राजीव कुमार को अनुशासनहीनता के चलते पार्टी से निष्कासित किया जा रहा है। दोनों को व्यवहार में सुधार लाने के लिए कहा गया था, लेकिन उनमें कोई परिवर्तन नहीं आया।

राजीव सिंह ने बताया कि मुझे अभी कोई पत्र नहीं मिला है। सूचना मिली है कि जिलाध्यक्ष पद से निष्कासित किया गया है। पार्टी में निष्पक्ष और ईमानदारी से काम करने का यह सिला मुझे मिला है।

बह्मस्वरूप सागर ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो मेरे निष्कासन संबंधी जो सूचना मिल रही है, वह सही है। किस वजह से निष्कासित किया गया है, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

## प्रधान के घर शादी में साथ चलने को राजी नहीं हुई पत्नी, कुल्हाड़ी से काट डाला; पहुंचा थाने और रचा ढोंग

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शादी में जाने को लेकर कहासुनी में पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला। घटना के बाद आरोपी खुद पुलिस के पास पहुंचा। उसने घटना की जानकारी दी। घटना को हादसा बताया। मगर, पुलिस और मायके पक्ष के लोग मानने को तैयार नहीं हैं। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटना इरादतनगर थाना क्षेत्र के थपैंड़ा गांव की है। गांव निवासी धर्म सिंह कुशवाह की शादी 11 साल पहले रामबाग क्षेत्र की रहने वाली पिंकी (30) से हुई थी। धर्म सिंह ईंट भट्ठे पर काम करता है। उसके एक बेटा और तीन बेटियां हैं। रविवार को प्रधान की बेटी की शादी थी। इसमें धर्म सिंह के परिवार को भी जाना था। उसके माता-पिता और चार बच्चे शादी में चले गए थे। एसीपी सैंया देवेश कुमार ने बताया कि धर्म सिंह पत्नी को अपने साथ ले जाना चाहता था। मगर, वह गांव से जा रहे ट्रैक्टर में जाने की जिद कर रही थी। इस बात पर दोनों में झगड़ा हो गया। आरोप है कि धर्म सिंह ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पिंकी के सिर में प्रहार कर दिया। इससे वह जमीन पर लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना के बाद धर्म सिंह ने एंबुलेंस को फोन किया। मगर, एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस पर अपने भाई को घटना की जानकारी दी। परिजन पिंकी को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, आरोपी पति पुलिस के पास पहुंच गया। घटना की जानकारी दी।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी ने झगड़े के संबंध में जानकारी दी। बताया कि शादी में साथ जाने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान पत्नी को धक्का लग गया। पत्नी गिर गई।

## ट्रेलर पर रखा हवाई जहाज देखने को सड़क पर जुटी भीड़, लोगों ने कहा- पहली बार इतने करीब से देखा विमान



**मिर्जापुर , एजेंसी।** मिर्जापुर जिले के लालगंज मिलिट्री कंपाउंड के पास फोरलेन सड़क पर ट्रेलर पर लदा हवाई जहाज और उसका पंखा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। ट्रेलर में तकनीकी गड़बड़ी के चलते वहां खड़ा किया गया था। हवाई जहाज और उसके पंखे को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई।

मिलिट्री कंपाउंड के पास खड़े वाहन चालक ने बताया कि हवाई जहाज कोलकाता से नागपुर जा रहा है। गाड़ी में खराबी आने के कारण मिलिट्री कंपाउंड के पास खड़ा किया गया है। चालक ने बताया कि इसका उपयोग होटल खोलने के लिए होगा। नीलामी की प्रक्रिया के तहत हवाई जहाज खरीदी गई है।

**होटल के रूप में तब्दील किया जाएगा विमान-** ालक ने बताया कि हवाई जहाज खरीदने वाले व्यापारी इसे होटल के रूप में तब्दील करने की संभावना तलाश रहे हैं। हालांकि चालक ने विस्तृत जानकारी दे पाने में असमर्थता जताई। हजाई जहाज का पंखा ले जाने वाले वाहन के चालक अर्जुन सिंह ने बताया कि हवाई जहाज ले जा रहे ट्रेलर में गड़बड़ी पैदा हो गई है। उसे दूर करने की कोशिश की जा रही है।

उधर, हवाई जहाज देखने के लिए वहां से गुजरने वाले राहगीर रुक जा रहे थे। यहां तक कि चार पहिया वाहन सवार भी रुक कर पास जाकर जहाज को छूकर देखना चाह रहे थे। वाराणसी जा रहे युवा मनजीत ने बताया कि ऐसा अवसर जीवन में पहली बार आया है जो अलग तरह का है, क्योंकि वह मजदूरी कर जीवन यापन करता है। हवाई जहाज के पास कभी नहीं पहुंचे हैं। फल विक्रेता करण का कहना था कि हवाई जहाज को दूर से देखने और पास जाकर देखने में अंतर है। वाराणसी से लौट रहे वाहन के यात्री ने बताया कि हवाई जहाज को पहली बार इतने करीब से देखने का अवसर मिला है।

## जोन के सीमावर्ती राज्यों के 68 स्थानों पर होगी नाकेबंदी

**गोरखपुर , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव सकुशल कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। अराजकतत्व खलल न डाल सकें इसके लिए गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों के संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया गया है। जोन के जिलों का एक बड़ा हिस्सा नेपाल के साथ दूसरे राज्य से सटा है। यहां के 68 स्थानों को चिह्नित नाकेबंदी की जाएगी।

वहीं अंतरजनपदीय सीमा वाले 188 जगहों को चिह्नित कर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी जाएगी। एडीजी जोन कार्यालय से इन स्थानों को चिह्नित कर सभी जिलों के कप्तान को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश भेजा गया है।

एडीजी जोन के अंतर्गत गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल के 11 जिले आते हैं। इन जिलों में पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में चुनाव होना है। इन जिलों का बढ़ा हिस्सा नेपाल, बिहार से जुड़ा है। महराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, बहराइच जिले की सीमा का एक बड़ा हिस्सा नेपाल से सटा हुआ है।

**जांच के लिए लगाई जाएगी विशेष टीम-** अंतरराज्यीय और अंतरजनपदीय सीमा वाले स्थानों को चेकिंग के लिए चिह्नित करने के साथ जांच के लिए विशेष टीम का भी गठन किया गया है। जोन में क्वीक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की 23, स्पेशल सर्च टीम (एसएसटी) की 261 और एफएसटी की 243 टीम का गठन किया गया है।

## बाइक की चाबी मांगने पर बड़े भाई ने छोटे पर किए कई वार, रातभर बहता रहा खून... इलाज के लिए भी न ले गया

**कानपुर , एजेंसी।** नौटंकी देखने जाने के लिए बाइक की चाबी मांगने पर दो भाइयों में विवाद के बाद मारपीट होने लगी। बड़े भाई ने बच्चों की लकड़ी की गाड़ी से छोटे भाई के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। रातभर पर खून से लथपथ भाई दरवाजे पर पड़ा रहा। सुबह मृत अवस्था में मिला।

रविवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी भाई को हिरासत में लिया। एएसपी ने बताया कि नशे में बाइक ले जाने को लेकर भाइयों में विवाद पर घटना हुई है। मां की तहरीर पर उसके बड़े पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गाजीपुर खुर्द गांव के पिपरहापुरवा में शनिवार रात करीब 11 बजे बाइक लेकर मेला जाने को लेकर भाइयों के बीच विवाद हो गया। नशे में दोनों एक दूसरे से मारपीट करने लगे। बड़े भाई के हमले में छोटे की मौत हो गई। एएसपी विजयशंकर मिश्रा, सीओ बृजमोहन राय और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची।

गांव निवासी स्व. इंद्रपाल के तीन पुत्र श्रीकेशन, शिवबाबू (26), शिवम गौतम है। छोटा शिवम सूरत में रहता है। मां जगपति देवी ने बताया कि शनिवार शाम श्रीकेशन व शिवबाबू गांव में निमंत्रण खाने गए थे। रात को घर लौटे। करीब रात 11 बजे शिवबाबू नौटंकी देखने जाने के लिए श्रीकेशन से बाइक की चाबी मांगने लगा।

चाबी न देने पर दोनों में मारपीट होने लगी। इसी दौरान बच्चों को चलने के लिए सहारा देने वाली लकड़ी की तीन पहिया गाड़ी से श्रीकेशन ने शिवबाबू के सिर हमला कर दिया। कई प्रहार से शिवबाबू मरणासन्न हो गया। ग्रामीणों ने सुबह शिवबाबू को दरवाजे पर मृत देखकर पुलिस को खबर दी। दरवाजे पर खून फैला था। खून से सनी लकड़ी गाड़ी पड़ी थी।

कुछ दूर एक लोहे का रॉड मिला। पुलिस ने श्रीकेशन को हिरासत में लिया है। एएसपी ने बताया कि नशे में बाइक ले जाने को लेकर भाइयों में विवाद पर घटना हुई है। आरोपी को हिरासत में लिया है। मां की तहरीर पर उसके बड़े पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

**रातभर बहता रहा खून, इलाज के लिए भी न ले गया-** मामूली तौर पर भाइयों के बीच अक्सर विवाद होता था। पुलिस का मानना है कि घायल को समय रहते अस्पताल ले जाया जाता तो जान बच सकती थी। श्रीकेशन और उसका भाई शिवबाबू शराब के लती बताए जा रहे हैं। दोनों कोई काम नहीं करते थे। कुछ दिन पहले खेत बेचा था। मां जगपतिया ने बताया कि दोनों में घटना की शाम झगड़ा हुआ था। शिवबाबू ने उसे पीटा था। उसकी आंख के पास चोट भी लगी। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट के बाद शिवबाबू को इलाज मुहैया मिलता तो उसकी जान बच सकती थी।

# यूपी के एक और गैंगस्टर पर शिकंजा: शाहिद पिच्चा की संपत्ति जब्त करने की तैयारी, तीन थानों की पुलिस कर रही तलाश

**कानपुर , एजेंसी।** क्राइम ब्रांच टीम को चकमा देकर भागे गैंगस्टर शाहिद पिच्चा और उसके साथियों को दबोचने के लिए कमिश्नरी पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी है। डीसीपी पूर्वी की अगुवाई में रेलबाजार, चमनगंज की थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच को शाहिद व उसके साथियों गिरफ्तार करने का टॉस्क सौंपा गया है। शाहिद पर 25 हजार का इनाम घोषित करने के साथ ही गैंगस्टर के तहत उसकी संपत्ति जब्त करने की तैयारी है।

चमनगंज के सईदाबाद का रहने वाला गैंगस्टर शाहिद पिच्चा 16 अप्रैल को चमनगंज में एक शादी में शामिल होने आया था। क्राइम ब्रांच को इसकी भनक लगी तो उन्होंने घेराबंदी कर दी। इसी बीच चमनगंज थाना प्रभारी मोहम्मद हमीद सिद्दीकी वहां पहुंच गए और क्राइम ब्रांच की गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी होने की वजह से हटाने को कहने लगे। इस पर क्राइम ब्रांच के लोगों और थाना प्रभारी के बीच बहस होने लगी। शोर सुन शाहिद वहां पहुंचा और क्राइम ब्रांच की टीम की बात सुनते ही भाग गया।

इस मामले को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने शाहिद और उसके साथियों को पकड़ने की जिम्मेदारी रेलबाजार, क्राइम ब्रांच के साथ ही चमनगंज थाना प्रभारी मोहम्मद हमीद को सौंपी है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह की अगुवाई में यह ऑपरेशन होगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि डीसीपी पूर्वी की तरफ से सोमवार को शाहिद पर 25 हजार का इनाम घोषित किया जाएगा। इसके बाद इनाम की राशि को बढ़ाया जाएगा। जब तक शाहिद को सलाखों के पीछे नहीं पहुंचाया जाता है, तब तक पुलिस टीमें उसका पीछा नहीं छोड़ेंगी।



**सफेदपोश बनने के प्रयास में है पिच्चा -** शाहिद पिच्चा के खिलाफ चमनगंज, बजरिया, अनवरगंज, बेकनगंज, रेलबाजार के अलावा शहर के अन्य थानों में 40 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। शहर में लंबे अर्से तक तैनात रहे एक पुलिस अधिकारी की मानें तो छह बहनों के बीच अकेला भाई शाहिद पिच्चा मनबढ़ है। उसके मुठभेड़ और गैंगवार में मारे जा चुके डीटू गैंग के शातिरों से भी रिश्ते होने की बात सामने आ चुकी है। शाहिद उरई, हमीरपुर आदि से तमंचे खरीद कर बेचा करता था। इसके बाद मुंगेर और ईरानी पिस्टल की बिक्री करने लगा। उसके खिलाफ वर्ष 2005 में पहला मामला बजरिया में पुलिस मुठभेड़ का दर्ज किया गया। चमनगंज में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। इसमें सेवन सीएलए भी लगाया गया।

**फुरकान हत्या मामले में आया था नाम-** शाहिद का नाम फुरकान की हत्या के मामले में भी आया था। इस केस के बाद पहली बार उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। इसके बाद तो शाहिद ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपना गैंग खुद बनाया और हत्या, लूट, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस के मामलों की देखते ही देखते लाइन लगना शुरू हो गई। गुंडा एक्ट और गैंगस्टर के तहत पुलिस ने कई बार कार्रवाई की। वर्तमान में पांच गैंगस्टर, छह गुंडा, नौ एनडीपीएस, छह बार आर्म्स एक्ट, बलवा समेत 40 मामले दर्ज हैं।

**रिश्तेदार और करीबी भी करते मदद-** शाहिद पिच्चा चमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसका नाम शहर के टॉप टेन अपराधियों में शामिल है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शाहिद सट्टा व जुआ भी खिलाने वालों से जुड़ा है। वह मार्केट में फंसी रकम वसूलता है। इसके एवज में मोटा कमीशन लेता है। बिल्डिंग मैटेरियल का काम वाला रिश्तेदार भी शाहिद के नाम पर रौब गांठता है। अनवरगंज क्षेत्र के वॉटर बगिया में भी शाहिद के गैंग से जुड़े शातिरों का जमावड़ा लगता है।

### कुछ दिन पहले पूर्व आईपीएस के साथ हुई थी फोटो वायरल

कुछ दिन पहले एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के साथ शाहिद पिच्चा की फोटो वायरल हुई थी। इसमें पुलिस अधिकारी के साथ वह फुट पेट्रोलिंग करता हुआ दिखाई दे रहा था। इसके बाद वह कई बार थाने की पीस कमेटी की मीटिंग में भी देखा गया। पुलिस सूत्रों की माने तो उसे कुछ पुलिस वालों का संरक्षण प्राप्त रहता है। इसकी वजह से थाना पुलिस हाथ तक नहीं लगाती है।

### प्रापर्टी के काम में बना ली पैठ

इन दिनों अपराधियों के दम पर विवादित मकानों को खाली कराना और छोटी- छोटी प्रापर्टियों को कम पैसे में खरीद कर ज्यादा में बेचना ही शाहिद का काम हो गया है। इस काम में उसकी मदद कुछ पुलिस कर्मी भी कर रहे है। यही पुलिस कर्मी पुलिस के मूवमेंट की जानकारी भी शाहिद को देते थे।

## संपादकीय

# युद्ध की भड़कती आग

ईरान और इजरायल जिस राह पर निकल पड़े हैं, वह युद्ध और विनाश की ओर ही जाता है। इस महीने की शुरुआत से ही दोनों देशों से 'हमला' और 'बदला' जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं। एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ, तो इसका आरोप इजरायल के मत्थे मढ़ा गया। दो हफ्ते बीतने से पहले ही ईरान ने उसका बदला लेने के लिए हमला बोल दिया। उसने इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजरायल ने दावा किया कि उसने %यादातर मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचने से बहुत पहले ही नष्ट कर दीं। नुकसान शायद बहुत %यादा नहीं था, लेकिन यह उसके सम्मान पर बहुत बड़ी चोट थी। पिछले तीन दशक में किसी देश ने पहली बार इजरायल की धरती पर इस तरह से बमबारी की जुर्रत की थी। इस शुक्रवार को इजरायल ने इसका बदला ले लिया। इजरायल के वमवर्षक ड्रोन ईरान की ओर उड़े और उसके सैन्य शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में कहा जाता है कि इसी जगह पर ईरान अपना परमाणु बम विकसित कर रहा है। इसके अलावा, यह ईरानी फौज का सबसे बड़ा बेस भी है। यह हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात कही गई है। हालांकि, ईरान और इजरायल, दोनों ने ही इसे कमतर दिखाने की कोशिश की है। तेहरान ने कहा है कि कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, जबकि इजरायल ने आश्वस्त किया है कि यह हमला ईरान के परमाणु केंद्र पर नहीं था। वैसे मामला हमले के बड़े या छोटे होने का नहीं है, मामला पश्चिम एशिया में और खासकर इन दोनों देशों के बीच उस तनाव का है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। अतीत में भी इजरायल एक बार ईरान के इसी शहर पर हमला कर चुका है, लेकिन इस बार तनाव बहुत %यादा है, इसलिए आशंकाओं की भरमार भी दुनिया को सिहरन दे रही है। अभी ईरान की तरफ से एक बयान यह भी आया है कि फिलहाल इस हमले का बदला लेने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन आम धारणा यही है कि बदला देर-सवेर लिया ही जाएगा। अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात चलती रही, तो पश्चिम एशिया का यह तनाव कब पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले चंद रोज में गाजा में जिस तरह का मानवीय संकट खड़ा हुआ है, इजरायल इन झड़पों के चलते उससे दुनिया का ध्यान हटाने में जरूर कामयाब रहा है। पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में जैसे तनाव दिख रहे हैं और जिस तरह के खतरे खड़े हो रहे हैं, उसके सामने पूरी दुनिया महज तमाशबीन बनी दिख रही है। खासकर जिनको हम महाशक्तियां कहते हैं, वे मौन हैं। रूस यूक्रेन के साथ लड़ाई में उलझा हुआ है। चीन अपनी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव है और ऐसे मौके पर कोई यह मानने को तैयार नहीं कि वह पश्चिम एशिया में निष्पक्ष भूमिका निभा सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की अपनी सीमाएं हैं और अक्सर वह ऐसे युद्धों को रोकने में कारगर नहीं हो पाता। बड़ी समस्या यह नहीं है कि इजरायल-ईरान का तनाव बढ़ रहा है और कभी भी आग के भड़क उठने की आशंकाएं हैं, समस्या यह है कि यह सब ऐसे मोड़ पर हो रहा है, जहां पहुंचने के लिए समझदारी के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

# हमें राजनेताओं को जगाना होगा

(शशि शेखर)

> चुनावी कवरेज के सिलसिले में पिछले दिनों विदर्भ और उत्तराखंड जाना हुआ। दिगी से नागपुर की उड़ान भरते वक्त लग रहा था कि वहां शुष्क और गर्म मौसम हमारा इंतजार कर रहा होगा। हुआ उल्टा। विमान जब शहर के ऊपर चक्कर लगा रहा था, हमारी खिड़की के शीशे पर बूंदें थाप दे रही थीं। इसके विपरीत उत्तराखंड में दिन में पारा 30 डिग्री पार कर रहा था।

यह विलाप पुराना हो चुका है कि हमारा पर्यावरण बदल रहा है और हमें सम्हल जाना चाहिए। किसे सम्हल जाना चाहिए? क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ साधारण नागरिकों की है? हमारी हुकूमतें क्या कर रही हैं? अपने देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, पर क्या आपने किसी नामचीन नेता के श्रीमुख से पर्यावरण संबंधी दो शब्द सुने? यह दर्दनाक है कि हमारे सियासी विमर्श से जनता के असली मुद्दे कहीं गुम हो चुके हैं। अब हम महज कुछ घिसे-पिटे जुमलों, आरोपों और प्रवंचनाओं को सुनने के लिए अभिशप्त हैं, जिनका आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से कोई वास्ता नहीं। इंसान के सर्वाधिक जरूरी मुद्दों पर राजनेताओं की यह चुप्पी असंवेदनशील आत्मघाती प्रवृत्ति को उजागर करती है।

दुनिया भर की बात किए बिना मैं सिर्फ अपने देश का उदाहरण देना चाहूंगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पेयजल की कमी को लेकर चेताया है। उसने संसार के जिन सर्वाधिक संकटग्रस्त शहरों की सूची जारी की है, बेंगलुरु उनमें से एक है। यूएन के दावे के अनुसार, यदि वहां पानी की मौजूदा मात्रा में सन् 2030 तक 40 फीसदी की गिरावट आ जाती है, तो हमारी 'आईटी सिटी' का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। अभी ही वहां के हालात इतने बदतर हैं कि 13,900 सार्वजनिक बोरवेल में से 6,900 सूख चुके हैं। खुद उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने इस खौफनाक तथ्य को जगजाहिर किया था। मजबूरन, कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कह दिया है। 1.4 करोड़ की आबादी वाला यह महानगर सिर्फ 'आईटी सेक्टर' से सालाना 50 बिलियन डॉलर की कमाई करता है। जाहिर है, इसे इस शानदार मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी कोशिशें की गई होंगी, पर हिंदी की पुरानी कहावत है- बिन पानी सब सून।

देश की राजधानी दिगी का हाल भी बेंगलुरु के मुकाबले कोई खास अ%छा नहीं है। बहुत बड़ी आबादी को यहां हर रोज अपनी जरूरत के जल के लिए घंटों जूझना पड़ता है। उनकी बसाहटों में टैंकरों से पानी पहुंचता है और कभी-कभी उसे लेकर खूनी झगड़े भी हो जाते हैं। पिछले दिनों एक ऐसा ही हतभागी हादसा सामने आया, जब जल को लेकर दो पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस हिंसा में एक महिला को जान से हाथ धोना पड़ा। अब सत्तारूढ़ पार्टी और उप-रा%यपाल इस मुद्दे पर गुत्थमगुत्था हैं। इससे न तो जान गंवाने वाली सोनी की सांसें वापस आएंगी और न ही प्यासे लोगों के हलक तर होंगे। किसी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। हम उसे अपने ईद-गिर्द आकार लेता हुआ देख रहे हैं।

बेंगलुरु और दिगी ऐतिहासिक नगर हैं। उनके विकास की लंबी और सुविचारित दास्तां है, लेकिन गुरुग्राम पिछले चार दशकों में पनपा है। दिगी के नजदीक बसा यह छोटा-सा कस्बा इतनी तेजी से व्यावसायिक केंद्र के तौर पर विकसित होगा, ऐसा बहुतों ने सोचा तक नहीं था। आज वहां देशी-विदेशी कंपनियों के सैकड़ों कार्यालय हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सबसे महंगी रिहायशी संपत्तियां यहीं पर हैं, लेकिन पानी यहां भी लोगों को बेपानी कर रहा है। एक महीना पहले गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने चेताया था कि शहर की पेयजल मांग 675 एमएलडी (रोजाना मेगालीटर) है, जबकि आपूर्ति किसी भी स्थिति में 570 एमएलडी से %यादा नहीं हो सकती। बेंगलुरु और गुरुग्राम किसी सदानीरा के किनारे नहीं बसे हैं, पर दिगी को देश की महानतम नदियों में से एक, यमुना के किनारे बसाया गया था। सदियों की उपेक्षा और ताड़ना ने यमुना को गंदे नाले में तब्दील कर दिया है। उसे खुद मदद की जरूरत है। कुछ साल पहले हरियाणा के एक सीमावर्ती शहर से दारूण खबर आई थी। वहां भारतीय संस्कृति को रचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली यह नदी गरमियों में इतनी सूख गई थी कि उसमें लोग अपने परिजनों की अस्थियां भी नहीं प्रवाहित कर सकते थे। मजबूरी में वे गड्ढे खोदकर उनमें अस्थियां दबा देते थे, इस उम्मीद के साथ कि बारिश पड़ने के बाद जब फिर धारा जोर पकड़ेगी, तो इन अस्थियों को मुकाम हासिल हो जाएगा। इसी तरह, वाराणसी में भी अक्सर जल की इतनी कमी हो जाती है कि गंगा के बीचोबीच टापू उभर आते हैं। मैंने अपने बचपन में वाराणसी, मिर्जापुर और इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में इसे एक विशाल वेगवती महानदी के तौर पर देखा है। आजादी के 77 सालों में अगर हम अपना लोकतंत्र बचाने में सफल रहे हैं, तो सभ्यता के इन अनिवार्य कारकों पर भी हमारी नजर होनी चाहिए।

इसी से जुड़ा मामला स्व%छ हवा का है। जैसे-जैसे दिवाली पास आती है, दमा रोगियों के साथ एलर्जी के मरीजों की दिल की धड़कनें अव्यवस्थित होने लगती हैं। समूचा उत्तर भारत इस दौरान भयंकर कोहरे और वायु प्रदूषण की जद में आ जाता है। हालात इस कदर बिगड़ जाते हैं कि ब%चों के स्कूलों की छुट्टी तक करनी पड़ती है। पहले पंजाब और हरियाणा के पराली-दहन को इसके लिए जिम्मेदार बताकर राजनीतिक दल गेंद एक-दूसरे के पाले में डालने की कोशिश करते थे, लेकिन तमाम शोध साबित कर चुके हैं कि वायु पदूषण के लिए सिर्फ पराली जिम्मेदार नहीं है। अगर किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए जरूरी साधन मुहैया कराने हैं, तो प्रदूषण के अन्य कारकों पर भी साथ ही साथ ध्यान देना होगा। कमीज की एक आस्तीन फटी नजर आती हो, तो उसे सुधारने के लिए अगर हम दूसरी आस्तीन को भी उधेड़ डालेंगे, तो विरूपता और बढ़ जाएगी। हमारी सरकारें अब तक ऐसा ही करती रही हैं। यकीनन यह स्थिति बदलनी चाहिए, पर बदलेगी कैसे? मौजूदा चुनाव इस संबंध में सार्थक विमर्श का सशक्त जरिया हो सकता था, लेकिन हमारे राजनेताओं और राजनीतिक दलों ने इस पर तव%जो देने की जरूरत नहीं समझी। चुनाव का पहला चरण इस पर फैसलाकुन चर्चा के बिना गुजर चुका है। अगर आपके यहां अगले किसी दौर में मतदान है, तो उसका लाभ उठाइए। जब भी कोई प्रत्याशी आपके इलाके में आए, तो उससे पूछिए कि पर्यावरण के मुद्दे पर आपका एजेंडा क्या है? नेता कुछ भी कहें या करें, पर यह सच है कि लोकतंत्र में आज भी लोकवाणी का महत्व कायम है। हमें अपनी इस अहमियत को पहचानना चाहिए।

# हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?

(तरुण विजय)

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भाव ख़त्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया।

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, ब%चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बग़दाद के बाज़ारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है।

मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा? अथवा देश के कोने कोने मं हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू-धर्म-दान का कोई अंश खर्च करता होगा? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते।

हिंदू पर्व केवल लोकाचार- रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों, धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है ? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा। स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था. हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5348

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| ■ | 9 | | | ■ | 10 | | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | | 15 | ■ |
| 16 | | | | | ■ | 17 | 18 |
| 19 | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | ■ | ■ | 22 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1 जून 1975 को भारत की महिला भारोत्तलक का जन्मदिवस है ये 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी है (7)
6. जल नित्तल, हथेली कवच (2)
7. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
9. यह भारत देश की प्रचलित मुद्रा है (3)
10. जो रिश्तें पति की बहन हो (3)
11. खत, कागज, चिट्ठी (2)
13. लेखा पुस्तक, रजिस्टर (2)
14. रामचरितमानस का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्य काल का विवरण है (4)
16. राजा जनक के नामों में एक (5)
17. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
19. रिश्ता, संबंध (2)
20. ऐसी गोरी स्त्री जिसमें बल और आंखे स्याह हो (2)
21. ग्रीष्म ऋतु की तप्त हवा (1)
22. सैनिक, मिलिस्ट्रीमेन (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंतीपुत्र जो कन्याकाल में सूर्य के अंश से उत्पन्न हुआ था, इसी से इसे कानीन कहते है, कान शरीर का एक संवेदी अंग (2)
2. इसे अंग्रेजी में बैलेट पेपर कहते है (4)
3. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
4. सांस लेने व छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
5. कारण (अंग्रेजी)(3)
8. गंभीर ध्वनि करना, बजाना (3)
9. अनाकर्षकता, आकर्षणहीनता, असौम्यता, असुंदरता (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. ध्वनि या नाद उत्पन्न होना (3)
14. वरदल, जनैत, वरपक्ष, वरयात्री (3)
15. यह धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित एक पर्यटक स्थ है यह स्थल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का हिस्सा है (4)
18. नक्षत्र, सितारा, सुषेण की कन तथा बाली की पत्नी का नाम (2)

## वर्ग पहेली 5347 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नू | र | ज | हां | ■ | सा | के | त |
| त | ह | ल | का | ■ | हि | सा | ल |
| न | म | न | ■ | सु | र | ■ | ब |
| ■ | दि | ■ | स | त | लु | ज | ■ |
| गो | ल | मा | ल | ■ | धि | ■ | बां |
| पी | ■ | मा | फ | ■ | या | ज | क |
| ना | ज | ■ | ■ | ■ | न | मी | ■ |
| थ | ल | च | र | ■ | वी | र | ता |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज शाम तक कोई खास डील फाइनल हो सकती है। आपको धन के मामले में लाभ होगा और किसी विशेष सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। भौतिक विकास में वृद्धि होगी और किसी मामले में आपको लाभ होगा। आपको आज मंगलोत्सवों में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज शाम के वक्त आपका जरूरी कार्य पर खर्च होगा।

### वृष
आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा पर जाने का मन करेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी और आपके धन में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन की योजना बन सकती है और आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा।

### मिथुन
आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। आज पूरा दिन दूसरों के कार्य पूर्ण करने में आपका दिन बीतेगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वह करने को मिलेगा। आज के दिन आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी।

### तुला
आज का दिन और लाभकारक रहेगा। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें और फालतू कार्य करने से बचें।

### वृश्चिक
आज का दिन हर मामले में काफी मजबूती से भरा होगा। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे तो जरूरी है कि आप अपने कार्य समय से पूरे कर लें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं तो लाभ होगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नया करके आप लाभ पा सकते हैं।

### धनु
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में रिस्क लेंगे तो लाभ हो सकता है। रोजमर्रा के कुछ काम में भाग्य आजमा सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ है।

### कर्क
आज उसका फल आपको तत्काल मिल जाएगा। अधूरे कार्य निपट जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी और आपको सफलता मिलेगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपकी मदद करेंगे। शाम के वक्त आपको शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

### सिंह
आज का दिन काफी व्यस्त रखने वाला है और आज आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अ%छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। रात का समय मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### कन्या
आज का दिन सम्मान से भरा होगा। आज किसी भी मामले में संयम और सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ हर कार्य को पूरा करें।

### मकर
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको परिवार के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

### कुंभ
आज आपके कार्य सफल होंगे। आपके शरीर में कुछ विकार हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। आज व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

### मीन
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

# सौंफ का शरबत



गरमी अपने पूरे जोश के साथ सब तरफ अपने रंग दिखा रही है और हम तरीके तलाश कर रहे हैं इस से बचने के ..आज दादी माँ के खजाने से मिला एक शरबत का नुस्खा सोचा चलो यहाँ इसको बांटते हैं शायद आप में से कई इस के बारे में जानते हों पर मुझे नया सा और आसान सा लगा ..


### सामग्री ..

सौंफ ....250 ग्राम
चीनी ...100 ग्राम
पानी ...4 गिलास
बर्फ ...आपकी इच्छा नुसार

### विधि

सौंफ को अच्छी तरह से साफ कर ले ..जितना शरबत बनाना हो उतने पानी में भिगो दे .जब पानी सौंफ की खुशबु ले ले तो इसको छान लें अब इस में चीनी मिलाये और बर्फ डाल कर सर्व करें ,यह बनाने में आसान और स्वास्थ के लिए बहुत ही फायदेमंद हैं ...

# आम का शरबत



**हम बचपन से आम का शरबत बनाते रहे हैं, उस समय मिक्सी की जगह बिलोने के लिये रई का उपयोग करते थे लेकिन रई से आम का शरबत का गूदा इतना मिक्स नहीं होता था जितना कि मिक्सी से अब हो जाता है.**

गर्मी के मौसम में आम का शरबत शरीर ही नहीं दिल और दिमाग दोनों को ठंडक पहुंचाता है. सामान्यतया हम बोतलबंद आम का रस बाजार से लाकर पीते ही हैं, लेकिन इन में आम की मात्रा काम तो होती ही है कलर और प्रिजरवेटिव भी रहते हैं.
हम बचपन से आम का शरबत बनाते रहे हैं, उस समय मिक्सी की जगह बिलोने के लिये रई का उपयोग करते थे लेकिन रई से आम का शरबत का गूदा इतना मिक्स नहीं होता था जितना कि मिक्सी से अब हो जाता है. आईये बनायें बिना कलर और प्रिजरवेटिव से बना यह आम का शरबत

### आवश्यक सामग्री

पके आम – 5–6 ( 1.5 किग्रा.)
नीबू – 7 ( 250 ग्राम)
चीनी – 5 कप ( 1 किग्रा.)
विधि
चीनी किसी बर्तन मे निकालिये, 500 ग्राम ( 2 1/2 कप) पानी मिलाइये और उबालने रख दीजिये, उबाल आने के बाद 5–6 मिनिट तेज गैस पर उबलने दीजिये, इस तरह 1 तार की चाशनी बना कर तैयार कर लीजिये. चाशनी को ठंडा होने दीजिये. पके हुये आम धोइये, छीलिये और पल्प निकाल लीजिये. पल्प को मिक्सर में बारीक पीस लीजिये, नीबू से नीबू का रस एक प्याले में निकाल लीजिये. चाशनी ठंडी हो चुकी है, आम का पल्प और नीबू का रस इस चाशनी में मिलाइये और छान लीजिये, किसी बोटल में भरकर फ्रिज में रखिये, 1 महिने तक, जब भी आपका मन करे, 1 भाग कन्सन्ट्रेट आम का शरबत और 5 गुना पानी मिलाइये और थोड़े से बर्फ के क्यूब्स, लीजिये पीजिये तैयार है, आम का ठंडा शरबत
इस शरबत को आप पके आम से तुरन्त भी बना सकते हैं. 4 गिलास बनाने के लिये, 250 ग्राम आम या एक आम छील कर पल्प निकालिये, मिक्सर में डालिये, चार टेबल स्पून चीनी मिलाइये और पीस लीजिये, 1 नीबू का रस निचोड़ कर मिला दीजिये, 3 गिलास ठंडा पानी मिलाइये और छान कर गिलास में डालिये, और ज्यादा ठंडा चाहिये तो बर्फ के क्यूब्स मिला लीजिये और पीजिये ठंडा ठंडा आम का शरबत ।



# हर्बल स्नान से मिलेगी ताजगी

**गर्मी के मौसम में बार –बार नहाने का मन करता है लेकिन साधारण बाथ ताजगी और ठंडक महसूस नहीं होती । इसके लिए त्वचा के अनुरूप बाथ का होना बेहद जरूरी है। आजकल ब्यूटी पार्लर में भी कई तरह की हर्बल बाथ की सुविधा मिल रही है । इन्हें घर पर भी लिया जा सकता है। ये बाथ दिन भर शरीर को ठंडा रखने में काफी मदद करते हैं।**

### खुश्बू के लिए बाथ

अगर आप गर्मियों में शरीर से पसीने की बदबू से परेशान हैं तो डियो व रोज बाथ फायदेमंद है। पसीने की दुर्गंध से बचने के लिए एक बाल्टी पानी में नमक व एक चम्मच डियो डालकर इस पानी से नहाए। इससे ताजगी भरा अहसास होता है। रोज बाथ के लिए गुलाब के फूल की पत्तियों को थोड़े पानी में रात भर पानी में भिगो दें।सुबह इस पानी में रोज ऐसेंस की कुछ बूंदे डाले और नहाने के बाद इसे शरीर पर लगाएँ घंटों खुश्बू व ताजगी का साथ रहेगा।इसके अलावा मिंट बाथ भी लिया जा सकता है।इसके लिए दो चम्मच पुदीने की सूखी पत्तियाँ लें।इन्हें एक घंटे तक पानी में उबालकर छान लें। ताजी पत्तियाँ भी ले सकते हैं। नहाने के बाद इस पानी को शरीर पर डाले इससे घंटों तक ताजगी महसूस होगी।

### नीम बाथ

अगर गर्मी के कारण त्वचा पर बार-बार फोड़े - फुंसिया निकलने या घमौरियाँ आदि होने की समस्या होती है तो नीम बाथ उपयोगी रहेगा।इसके लिए नीम व पुदीने की पत्तियों को उबालकर उस पानी को ठंडा करके उससे नहाएँ ।नियमित रूप से ऐसा करने पर फुंसियों से निजात मिल सकती है।


# अपनी पसंद को बनाएं फैशन

**कई बार आप सोचते होंगे कि आप इंडियन ड्रेस में स्टाइलिश कैसे लग सकते हैं? यदि आप ऐसा सोचते हैं तो अब आपको अपनी सोच को बदलना होगा क्योंकि जो उटपटांग है, वही आज फैशन है। आज के फैशनेबल दौर में हर व्यक्ति का अपना स्टाइल फंडा है।**

आज के समय में जो कुछ दूसरों से हटकर हो, आगे चलकर वही फैशन बन जाता है। हर किसी को आजादी है अपनी स्टाइल खुद बनाने की। आप भी यदि क्रिएटिव हैं तो क्यों न आप भी अपनी पुरानी व बेकार पड़ी इंडियन ड्रेसेस पर एक्सेसरीज, वर्क आदि से कुछ नया एक्सपेरिमेंट कर उन्हें एक डिफरंट लुक दें?

इंडियन ड्रेसेस में भी स्टाइलिश लगा जा सकता है। बस इसके लिए आवश्यकता है कुछ नए एक्सपेरिमेंट करने की। इंडियन ड्रेसेस के साथ भी आप अलग–अलग एक्सपेरिमेंट कर उन्हें वेस्टर्न लुक दे सकती है। यह चेंज आपके लिए बिल्कुल अलग लेकिन बहुत अच्छा होगा। यदि आप भी ऐसा कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं तो इन बातों पर अमल करें –

- आजकल स्लैक्स का फैशन बाजार में फिर से लौट आया है। आप भी अपने लुक को चेंज करने के लिए शार्ट कुर्ते के साथ स्लैक्स, लेगिंग्स या टाइट्स ट्राय करें।
- हाई वेस्ट कुर्ते और रोल्ड अप स्लीवस के साथ एक खूबसूरत स्टोल आपको एक स्टायलिश लुक देगा।
- चूड़ीदार सलवार की जगह अगर आप स्लैक्स या जींस ट्राय करती हैं तो इस ड्रेस पर चुन्नी की जगह सुंदर स्टोल या स्कार्फ डालना आपको एकदम मार्डन लुक देगा।
- स्लीवलेस कुर्ते के साथ सलवार की जगह जींस पहनें।
- ट्रेंडी व स्टाइलिश बैग आपकी खूबसूरत ड्रेस पर चार चाँद लगा देंगे। कुछ डिफरंट लुक पाने के लिए गोल्डन, सिल्वर या कॉपर कलर के स्टाइलिश व बड़े बैग ट्राय करें।
- टाइट्स या चूड़ीदार के साथ अम्ब्रेला कट कुर्ता आपको एक स्टाइलिश लुक देगा।
- जींस, टी–शर्ट या कुर्ते के साथ दो–तीन रंगों के प्लेन वुडन कड़े या प्लास्टिक या रबर की रंग–बिरंगी स्टाइलिश बैंगल्स ट्राय कर आप एक ट्रेंडी लुक पा सकती है।



- किसी भी ड्रेस के साथ भारी–भरकम ज्वेलरी के बजाय डेलीकेट चेन–पैंडल व इयरिंग्स पहनना आपके लिए बेहतर होगा।
- किसी भी प्लेन साड़ी के साथ स्टाइलिश व हैवी वर्क वाला ब्लाउज आपके लिए बेहतर पार्टी वियर परिधान हो सकता है।
- अभी फ्लैट चप्पलों का दौर चल रहा है। यदि आप चूड़ीदार या स्लैक्स के साथ फ्लैट चप्पल पहनते हैं तो इससे आपकी ड्रेस की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाएगी।



**ब्रह्मांड और प्रकृति की रचना के बाद ईश्वर ने मनुष्य की जब सृष्टि की तो उसने स्त्री को पुरुष से भी सर्वश्रेष्ठ बनाया। उसे सौंदर्य दिया, सृजन का अधिकार दिया। यहीं नहीं मां की भूमिका निभाने के साथ उसे भगवान के बराबर दर्जा देते हुए उसे गुरु से भी बड़ा बनाया। यही वजह है कि दुनिया के किसी भी कोने में वह हो, मां सदैव एक जैसी रही। सूरत भले अलग हो मगर सीरत एक जैसी रहती है। सदियां बीत गई, मगर मां और बच्चे का संबंध कभी नहीं बदला। किसी भी रिश्ते में बेशक बदलाव आ जाए मगर मां–बच्चे के संबंध में हमेशा गर्मजोशी रहती है।**

## बच्चोंकी आकांक्षाओं को उड़ान देती

# सुपर मॉम

अपने बच्चों को हमेशा पलकों की छांव में रखने वाली मां आज भी यही चाहती है कि उसके बच्चों पर किसी बुरे व्यक्ति का साया न पड़े। उसे अपने आंचल में छुपा कर रखती है। बच्चों को अच्छे-बुरे का पहला ज्ञान तो वही देती है।

### घर की पाठशाला की पहली गुरु

मां को गुरु दर्जा यों ही नहीं मिला। बच्चों को अनुशासन का पहला पाठ वही तो पढ़ाती है। नवजात के जन्म से लेकर नर्सरी में जाने तक मां वस्तुत~ एक आदर्श पुरुष या नारी को ही तैयार कर रही होती है। अक्षर ज्ञान से लेकर रंगों का ज्ञान, प्रकृति से रूबरू कराने से लेकर अपने आसपास के बारे में इस तरह बताती-सिखाती चलती है कि बच्चा जब घुटनों के बल खड़ा होता है या दौड़ता है तो वह अपनी मां की नसीहतों को अवचेतन में रखता है। नसीहत देने की आदत मांओं की पुरानी आदत रही है। अब इसमें भी बदलाव आया है। हालांकि बेटियां आज भी अपनी मां से सलाह लिए बिना कभी कोई कदम नहीं उठाती। मगर बेटे अब बदल रहे हैं।

### बदल रही है मां की भूमिका

बच्चों को अपने आंचल से बांधे रखने का दौर अब खत्म हो चुका है। ज्यादातर आधुनिक मांएं इस बात को समझ चुकी हैं कि नसीहत देने से अच्छा है कि बच्चों की वे मार्गदर्शक बनें। वे अपने बेटे-बेटियों को ज्ञान के पंख देकर उन्हें उड़ान भरने देना चाहती हैं। कामकाजी ही नहीं, घरेलू महिलाएं भी बच्चों के कॅरियर की चिंता करती हैं। बच्चे पांचवी क्लास पार करते हैं तो उन्हें मांएं कुछ बनने की प्रेरणा देना शुरू कर देती हैं।

### मांओ में बढ़ता आत्मविश्वास

कम पढ़ी-लिखी मांओ में भी इन दिनों गजब का आत्मविश्वास देखा जा सकता है। वे हर हाल में बच्चों को पढ़ाना चाहती हैं। खुद नहीं पढ़ा सकतीं तो ट्यूटर रख लेती हैं। कभी-कभार स्कूल जाकर बच्चे की प्रगति रिपोर्ट भी ले लेती हैं। परवरिश में कोई कसर नहीं छोड़ती। पिता बेशक सुबह बिस्तर पर सोया रहे। मगर यह मां ही है, जो बच्चे को उठाकर स्कूल के लिए तैयार करती हैं। उनका बस्ता ठीक करने से लेकर लंच बाक्स तक तैयार करती हैं। यहीं नहीं उन्हें स्कूल वैन तक में बैठाती हैं। कुछ मांएं तो स्कूल तक छोड़ने जाती हैं। चाहे वे रिक्शे पर ले जाएं या फिर अपनी कार में। बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए कई मांओ ने अपने कॅरियर तक की परवाह नहीं की। ऐसी कई मिसाल हैं जिनमें महिलाओं ने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगा दिया।

### भारतीय मांएं सबसे सजग

दुनिया भर में भारतीय मांएं सबसे सजग हैं। उनमें लगातार बदलाव आ रहा है। अगर कोई महिला कामकाजी नहीं भी है तो भी वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए उतनी ही चिंतित हैं। वह उतनी ही व्यस्त हैं जितनी कोई कामकाजी महिला। अगर वह थोड़ी भी पढ़ी लिखी है तो वह अखबारों से न्यूज चैनलों से ज्ञान हासिल कर रही है। यहां तक कि वह इंटरनेट खंगाल कर भी बच्चों के बारे में नई जानकारी हासिल करने के साथ उन्हें नवीनतम सूचनाएं दे रही हैं। वह अब दूसरों से राय नहीं लेतीं, वह सूचना तंत्र से अपनी राय खुद बना रही हैं।

### अब दीन–हीन नहीं है मां

एक जमाना था कि पिता ही बच्चों के भविष्य का निर्णय करते थे। अनुशासन का डंडा उन्हीं का चलता था। पिता डाक्टर हो तो वह बच्चों को भी अपने जैसा बनाने की जिद पाल लेता था। और मांए दरवाजे पर खड़ी सिर पर आंचल डाले चुपचाप सुनती रहती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। वह हस्तक्षेप करती हैं, क्योंकि वह बच्चों की क्षमता के बारे में अपने पति से ज्यादा जानती हैं। आखिर नर्सरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक बच्चों को तैयार करने में उसकी भी कुछ भूमिका रही है। स्कूल की डायरी पढ़ने से लेकर वह होमवर्क भी तो कराती रही हैं। वह दीन-हीन कैसे हो सकती हैं? उसकी बात भी क्यों नहीं सुनी जानी चाहिए। फिल्म तारे जमीन पर में वह बच्चा मुसीबत में आखिर मां को ही पुकारता है क्योंकि पिता उसकी दित तो समझता नहीं।

### सहेली भी दोस्त भी

बच्चों के साथ मां का इतना गहरा रिश्ता होता है कि वह उनके बड़े होने पर बेटी की सहेली या बेटे की दोस्त जैसी हो जाती है। बेटे बताएं या न बताएं मगर बेटियां हर बात मां को बताती हैं क्योंकि उनके जीवन में कोई विश्वसनीय है तो सिर्फ वही। यह एक ऐसा भावनात्मक रिश्ता है जो सिर्फ मां से ही बन पाता है। भारतीय समाज के हर वर्ग में इस रिश्ते की सुगंध को आप महसूस कर सकते हैं। रिश्ते में परम्परा का बोध आज भी है मगर जीवन में आधुनिकता आने के साथ मांएं बच्चों को आंचल में छुपाए रखने की बजाय इस छांव से बाहर निकाल कर जीवन की दौड़ में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही हैं। इसलिए क्योंकि वह जानती हैं बेटा एक कदम भी बढ़ाएगा तो वह उसके पीछे खड़ी है। अगर गलत दिशा में गया तो भी वह उसे रोक लेगी क्योंकि वह एक सुपर मॉम है।

# फिल्मों के मामले में हीरोइनों के लिए दायरा बढ़ रहा है



अपने करियर में हर तरह के महिला किरदारों में रंग भर चुकी विद्या बालन को अभिनय का पावर हाउस कहा जाता है। मगर इस बार वे चर्चा में हैं अपनी रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म दो और दो प्यार से, जो शादी, प्यार और विवाहेतर संबंधों पर आधारित है। इस खास मुलाकात में विद्या अपनी फिल्म, रोमांस, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, शादी, पति सिद्धार्थ रॉय कपूर, नायिका प्रधान फिल्मों, महिला मुद्दों और सोशल मीडिया जैसे विषयों पर बातें करती हैं।

**आपकी फिल्म दो और दो प्यार विवाहेतर संबंधों पर आधारित है। आप शादी में चीटिंग या इन्फिडेलिटी को कैसे देखती हैं?**

मुझे आप निजी तौर पर पूछें, तो ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पर यदि ये स्थिति किसी और के साथ है, तो मैं समझ सकती हूं, जजमेंटल नहीं होती। कई बार शादी में आपको लगता है कि आपके पार्टनर आप पर ध्यान नहीं दे रहे या कई बार ऐसा भी होता है कि आप उनको दिखाई नहीं देते, रोजमर्रा की जिंदगी में इतने उलझ जाते हैं कि एक-दूसरे को भूल जाते हैं, तो ऐसे में शादी से बहार रिश्तों में पड़ने की संभावना बन जाती है।

**आपको नायिका प्रधान फिल्मों की झंडाबरदार कहा जाता है। हाल ही में यामी गौतम की आर्टिकल 370 और करीना, तब्बू, कृति की क्रू जैसी हीरोइन ओरिएंटेड फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस किया।**

जब मुझे इस तरह का श्रेय दिया जाता है, तो बहुत खुशी होती है। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मैं सही समय पर सही जगह पर थी, क्योंकि बदलाव सिर्फ मैं अकेली नहीं ला सकती थी। ये दौर शुरू हो रहा था और मैं उस समय सही जगह पर थी। हां, चुनौतियां थीं, बजट की, हीरो मिलने की। अभी भी कहानी जैसी फिल्म लेकर हम किसी हीरो के पास जाते, तो वो नहीं करते। मगर खुशी है कि पहले तो क्रू जैसी फिल्म बनी और इतनी चली है। इस हलकी-फुलकी कॉमिक मूवी को लोगों ने पसंद किया, क्योंकि इंटेंस फिल्मों से लोग थक गए हैं। फिल्मों के मामले में हीरोइनों के लिए दायरा बढ़ रहा है।

**आप अपनी नई फिल्म दो और दो प्यार में कॉमिडी और रोमांस के अलग रंग में नजर आ रही हैं?**

ये रोल करके मेरे अंदर की लड़की बहुत खुश हुई है। सच कहूं, तो ये रोमांस, कॉमिडी और लड़कीपन मेरे अंदर है और मुझे इस रोल को करने में बहुत मजा आया, क्योंकि इसमें कम से कम मुझे तैयार होने का मौका तो मिला। ये सच है कि ये एक अर्बन कहानी है और रोल भी लाइट है, तो लुक कैजुअल ही है। मुझे इतना भी तैयार होने मिला, तो मैं बहुत खुश हूं। इसलिए भी कि मैं बहुत रोमांटिक हूं असल जिंदगी में, तो मुझे रोमांस, गाने फूल, पत्ते, बारिश सब बहुत अच्छा लगता है। मैं निजी जिंदगी में जैसी हूं, उसे मुझे दोहराने का मौका मिला। ये स्क्रिप्ट बहुत खूबसूरती से लिखी गई है। ये काफी रियल है, हालांकि रोमांटिक कॉमिडी है और इसमें हलके-फुलके ढंग से एक बहुत बड़ी बात कही गई है।

**यों तो आप सर्वगुण संपन्न अदाकारा हैं, मगर इन दिनों आपका काफी वेट लॉस देखने मिला है, कोई खास कारण?**

नहीं,नहीं। कोई खास कारण नहीं। असल में मेरा एक हेल्थ इश्यू सॉर्ट आउट हो रहा है, जो काफी सालों से था। वो हेल्थ इश्यू सुलझने की वजह से मेरा वजन खुद-ब-खुद कम हो रहा है। मैंने इसके लिए कोई खास प्रयास नहीं किया है।



## दुश्मनों का खात्मा करने महायोद्धा बनकर लौट रहे अभिनेता तेजा सज्जा

दक्षिण भारतीय अभिनेता तेजा सज्जा हनु-मान की सफलता के बाद एक बार फिर से महानायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता की आगामी फिल्म की पहली झलक निर्माताओं ने साझा की है। इसमें अभिनेता एक महानायक की भूमिका में दिख रहे हैं। इसकी पहली झलक देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म इतिहास से जुड़ी हुई है। दर्शकों को फिल्म में भरपूर एक्शन भी देखने को मिलेगा। बता दें कि इसी के साथ फिल्म के रिलीज तारीख की भी घोषणा कर दी गई है।

### तेजा सज्जा बनेंगे महायोद्धा

फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'प्राचीन कथाओं के गुप्त रहस्यों से एक महायोद्धा की रोमांचकारी और साहसिक गाथा' इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि फिल्म में भूतकाल से जुड़ी कहानी को प्रदर्शित किया गया है।

### फिल्म का शीर्षक आया सामने

इसी के साथ फिल्म का शीर्षक भी सामने आ चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक 'मिराय' रखा है। तेजा सज्जा फिल्म की पहली झलक में एक लाठी के साथ नजर आते हैं। वह एक ज्वालामुखी पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता काफी भयंकर दिख रहे हैं। उनके पीछे हम एक ग्रहण को देख सकते हैं। फिल्म की पहली झलक देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि यह फिल्म काफी रोमांचकारी और एक्शन से भरपूर होगी।

### सम्राट अशोक से है संबंध!

फिल्म की पहली झलक में एक साधु के द्वारा बार-बार सम्राट अशोक और कलिंग का नाम लिया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म सम्राट अशोक और उनके रहस्यों से जुड़ी हुई हो सकती है। बता दें कि फिल्म हिंदी समेत आठ भाषाओं में रिलीज की जाएगी। जिसमें तमिल, तेलुगु, कन्नण, मलयालम, बंगाली, मराठी और चाइनीज भाषा शामिल है। फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




## मानुषी ने जाहिर की वांगा के साथ काम करने की इच्छा

एक्टर मानुषी छिल्लर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी सफर पर बात की। मानुषी ने बताया कि डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में कियारा आडवाणी वाला रोल ऑफर किया था। मानुषी ने यह भी कहा कि वो वांगा के साथ काम करना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में मानुषी ने कहा कि वो संदीप रेड्डी वांगा के काम को पसंद करती हैं। खास तौर पर संदीप जिस तरह अपनी फिल्मों में वुमन कैरेक्टर्स को पोट्रे करते हैं वो मानुषी को बहुत पसंद है। मानुषी ने फिल्म 'एनिमल' में निभाए रश्मिका मंदाना के किरदार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'एक पूरी फिल्म जहां कई सारे आदमी एक दूसरे से लड़ रहे हैं। उसमें रश्मिका के कैरेक्टर ने अपनी स्पेस बनाकर रखी। उनके कैरेक्टर में कुछ अलग था और रश्मिका ने इसे बखूबी निभाया। वह एक ऐसा रोल है जिसे मैं करना पसंद करूंगी।'



## खतरों से खेलेंगे समर्थ जुरेल!

### गश्मीर महाजनी भी होंगे हिस्सा?



'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के दो और प्रतिभागियों का नाम सामने आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि समर्थ जुरेल और गश्मीर महाजनी इस शो का हिस्सा बनेंगे। समर्थ जुरेल ईशा मालवीय से अपने ब्रेकअप की अफवाहों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हैं। ईशा मालवीय से अपने ब्रेकअप की अफवाहों के बीच समर्थ जुरेल खतरों से खेलने के लिए तैयार हैं। 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के प्रसारित होने का समय जहां धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है, वहीं, इसके प्रतिभागियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब रोहित शेट्टी के इस शो को लेकर दो और नाम सामने आए हैं। जिसमें एक नाम समर्थ जुरेल का है और दूसरे प्रतिभागी हैं गश्मीर महाजनी। गश्मीर 'तेरे इश्क में घायल' के बाद अब इस टीवी शो में नजर आएंगे। बता दें कि दावा किया जा रहा है शो के सभी प्रतिभागी मई तक बुल्गारिया में शूट के लिए निकल देंगे।

### एक्स गर्लफ्रेंड के एक्स ब्वॉयफ्रेंड से होगा सामना

समर्थ जुरेल की ईशा मालवीय से ब्रेकअप की अफवाहें अपने चरम पर हैं। कहा जा रहा है कि 'खतरों के खिलाड़ी' शो में उनका सामना उनकी कथित एक्स गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय के कथित एक्स ब्वॉयफ्रेंड से होगा। हालांकि, अभी तक दोनों अभिनेताओं की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### ये लोग भी आएंगे नजर

'खतरों के खिलाड़ी' का पिछला सीजन साउथ अफ्रीका में शूट हुआ था। अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बार इसकी शूटिंग बुल्गारिया में होगी। बता दें की खतरों के खिलाड़ी के 14वें सीजन में मुनव्वर फारूकी, सनाया ईरानी, मन्नारा चोपड़ा, गश्मीर महाजनी, अंकिता लोखंडे, शोएब इब्राहिम और हेली शाह नजर आ सकते हैं।



## दीपिका पादुकोण के बाद अब प्रियंका चोपड़ा भी फैशन इवेंट में नहीं करेंगी शिरकत

दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट्स में से एक मेट गाला 2024 में इस साल प्रियंका चोपड़ा नजर नहीं आएंगी। उन्होंने खुद कंफर्म किया है कि वो इस बार इवेंट का हिस्सा नहीं होंगी। उन्होंने वजह का भी खुलासा कर दिया है और हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया के बारे में भी बोला है। मालूम हो कि इससे पहले दीपिका को लेकर खबर आई थी कि वो इस साल मेट गाला के रेड कारपेट पर अपना जलवा नहीं बिखेरेंगी। यानी इस बार मेट गाला में बॉलीवुड की दो हसीनाओं को फैंस मिस करने वाले हैं। डॉक्युमेंट्री मूवी टाइगर के प्रमोशन के वक्त प्रियंका चोपड़ा ने एक्सेस हॉलीवुड को बयान दिया कि वर्क कमिटमेंट्स के कारण वो इस साल मेट गाला का हिस्सा नहीं बन पाएंगी।



## अक्षय कुमार के साथ इस किरदार में दिखेंगे साउथ सुपरस्टार प्रभास

### कृति सेनन को भी मिला दमदार रोल

साउथ अभिनेता और फिल्म निर्माता मांचू विष्णु अपनी महत्वकांक्षी परियोजना कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। आज मांचू विष्णु ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार का फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए स्वागत किया। अक्षय कुमार इस फिल्म के जरिए अपना साउथ डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय के शामिल होने की खबर खुद मांचू विष्णु ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं अब फिल्म में साउथ सुपरस्टार प्रभास के किरदार के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### शिव की भूमिका नहीं निभाएंगे प्रभास!

दरअसल, साउथ सुपरस्टार प्रभास मांचू विष्णु की कन्नप्पा में एक अतिथि भूमिका में दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग चल रही है। फिल्म में कई मशहूर कलाकार प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं कि प्रभास फिल्म में भगवान शिव के रूप में नजर आएंगे, लेकिन टीम ने चुप्पी साध रखी है और उनकी भूमिका के बारे में कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं अब खबर आई है कि प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उम्मीद है कि वे जल्द ही सेट पर शामिल होंगे और एक ही शेड्यूल में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर लेंगे। चर्चा है कि प्रभास की टीम ने उनकी आगामी विज्ञान-फाई फिल्म कल्कि एडी 2898 में भगवान महा विष्णु के समान चरित्र के चित्रण को देखते हुए



कन्नप्पा टीम से अभिनेता के लिए एक अलग भूमिका निर्धारित करने का अनुरोध किया। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि भगवान शिव की भूमिका अक्षय कुमार निभाएंगे। वहीं प्रभास फिल्म में अब नंदी का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही खबर है कि फिल्म में कृति सेनन को भी खास भूमिका मिली है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

## इटली के मिलान में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं सुहाना खान

बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इटली में अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सुहाना ने स्ट्रीमिंग फिल्म द आर्चीज से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर इटली में अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में, उन्हें इटली की गलियों में घूमते, स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते, मिलान की सुंदरता को देखते और नए फैशन आउटफिट आज़माते हुए देखा जा सकता है। उसने तस्वीरों को बस कैप्शन दिया, चाओ! सुहाना की दोस्त अनन्या पांडे ने पोस्ट पर जवाब दिया, तुमको शॉपिंग करते देख सकती हूं। इस बीच, काम के मोर्चे पर, सुहाना अगली बार द किंग के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### आईआईटी मद्रास के शानदार 65वें संस्थान दिवस समारोह में सम्मानित किए गए संस्थान के पूर्व छात्र

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने आज (20 अप्रैल 2024) अपना 65वां संस्थान दिवस समारोह मनाया।इसमें संस्थान के छात्रों, शिक्षकों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कार्मिकों की भागदारी देखी गई।आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण पिछले वर्ष की असाधारण उपलब्धियों के लिए पूर्व छात्रों, शिक्षकों और वर्तमान छात्रों को सम्मानित करना था। संस्थान की एक बड़ी उपलब्धि राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग में सबसे ऊपर कायम रहना है।आईआईटी मद्रास लगातार पांच वर्षों से 'समग्र' श्रेणी में नंबर 1 और लगातार आठ वर्षों से 'इंजीनियरिंग' श्रेणी में नंबर 1 स्थान पर बरकरार है। 'अनुसंधान और 'नवाचार' श्रेणियों में भी संस्थान दूसरे नंबर पर है। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. वी. सुमन्त्रन इंटर ग्लोबएविएशन लिमिटेड (इंडिगो एयर लाइंस) के निदेशक मंडल के अध्यक्ष और सेलेरिस टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष हैं।डॉ. वी. सुमन्त्रन आईआईटी मद्रास के सुप्रतिष्ठित पूर्व छात्र हैं।वे एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीटेक के 1981 बैच के छात्र रहे हैं।डॉ. सुमन्त्रन बहुमुखी प्रतिभाग के धनी हैं।बिजनेस लीडर, टेक्नोक्रैट, शिक्षाविद और लेखक ङ्क सभी गुणों से परिपूर्ण हैं।अपने 40 साल के करियर में अमेरिका, यूरोप और एशिया में काम करने के अनुभवी हैं।कई कॉर्पोरेशन के बोर्ड में शामिल हैं और ऑटो, प्रौद्योगिकी, औद्योगिक उपकरण और एयरोस्पेस में कार्यरत कई फॉर्च्यून-100 कम्पनियों के सलाहकार भी हैं।

### प्रीमियर एनर्जीस ने आईपीओ के जरिए 1500 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई एजेंसी।** हैदराबाद स्थित प्रीमियर एनर्जीस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन रिपोर्ट के अनुसार प्रीमियर एनर्जीस 31 मार्च, 2024 तक भारत की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत सौर सेल और सौर मॉड्यूल निर्माता कंपनी है (क्रमशः 2 गीगावॉट और 3.36 गीगावॉट की वार्षिक स्थापित क्षमता के संदर्भ में)। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। साथ ही इसमें सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा विक्रय किए जाने वाले 2,82,00,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है। ऑफर फॉर सेल के तहत, साउथ एशिया ग्रोथ फंड होल्डिंग्स एलएलसी 2,38,46,400 इक्विटी शेयर बेचेगा और साउथ एशिया ईबीटी ट्रस्ट 1,53,600 इक्विटी शेयर बेचेगा। इनके अलावा, प्रमोटर चिरंजीव सिंह सलूजा 42,00,000 इक्विटी शेयर का विक्रय करेंगे।कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, 300 करोड रुपए तक की निर्दिष्ट प्रतिभूतियों के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है। यदि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया जाता है, तो नया इश्यू ऐसे प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की सीमा तक कम हो जाएगा। प्रीमियर एनर्जीस लिमिटेड, जिसकी स्थापना 1995 में चेयरमैन और पूर्णकालिक निदेशक सुरेंद्र पाल सिंह सलूजा द्वारा की गई थी, ने नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों में करने का प्रस्ताव रखा है- हैदराबाद, तेलंगाना में 4 गीगावॉट सोलर पीवी टॉपकॉन सेल और 4 गीगावॉट सोलर पीवी टॉपकॉन मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की स्थापना के लिए अपनी सहायक कंपनी, प्रीमियर एनर्जीज ग्लोबल एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पीईजीईपीएल) में 1168 करोड़ रुपए और बाकी राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

# एसी, फ्रिज की बिक्री में काफी उछाल आया

### कंपनियों को आने वाले समय में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के चलते एसी, फ्रिस और आइसक्रीम की बिक्री काफी बढ़ गई है। डिमांड बढ़ते ही कीमतों में भी उछाल आ गया है। गर्मी को देखते हुए इस बार कंपनियां काफी शानदार बिक्री की उम्मीद कर रही हैं। अब मिडिल क्लास फैमिली में भी लोग जमकर एसी खरीदने लगे हैं। कूलर भी डिमांड भी काफी बढ़ गई है। रेफ्रिजरेटर की भी खूब बिक्री हो रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी के मुताबिक, 'यह उद्योग के लिए सबसे अच्छी गर्मियों में से एक है।' विजय सेल्स के डायरेक्टर नीलेश गुप्ता ने बताया कि इस साल पिछले 10-15 सालों में सबसे अच्छी गर्मी हो सकती है, क्योंकि इस सेक्टर में पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। उद्योग सूत्रों ने बताया कि पिछले साल एसी बाजार में 15 फीसदी की वृद्धि हुई थी, जबकि रेफ्रिजरेटर की बिक्री लगभग स्थिर रही है।



कई आइसक्रीम और कोल्ड बेवरेज कंपनियों को भी बिक्री में 20-30 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है। गर्मी की तपिश को देखते हुए आइसक्रीम बनाने वाली कंपनी बास्किन रॉबिन्स को इस सीजन में साल-दर-साल करीब 20 फीसदी की बिक्री वृद्धि की उम्मीद है। भारत में अमेरिकी ब्रांड के मास्टर फ्रैंचाइजी अधिकार रखने वाले ग्रेविस फूड्स के सीईओ मोहित खट्टर ने कहा कि ब्रांड के सनडे और डेजर्ट विकल्पों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

#### आइसक्रीम की बढ़ रही डिमांड

नेचुरल्स आइसक्रीम सभी क्षेत्रों में दोहरे अंकों की वृद्धि देख रही है। कंपनी पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी की वृद्धि के साथ सीजन को बंद करने का लक्ष्य रखती है। इसकी नारियल और आम के स्वाद वाली आइसक्रीम की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। निदेशक श्रीनिवास कामथ के मुताबिक, ई-कॉमर्स में काफी वृद्धि हुई है और गर्मी की लहर के कारण उपभोक्ता दिन के समय घर पर ही खाना पसंद कर रहे हैं। वहीं पेय पदार्थ बनाने वाली दिग्गज कंपनी कोक ने ज्यादा कस्टमर तक पहुंचने के लिए वितरण बढ़ा दिया है। कोका कोला कंपनी के प्रवक्ता ने बिक्री के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, भारत में हम हमेशा बाजार की गतिशीलता और उपभोक्ता वरीयताओं के प्रति सजग रहते हैं। मोंडेलेज के स्वामित्व वाले पाउडर पेय पदार्थ टैंग ने दावा किया कि साल की शुरुआत मजबूत रही है। मोंडेलेज इंडिया के उपाध्यक्ष (मार्केटिंग) नितिन सैनी ने कहा कि चूंकि यह बाजार में अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, इसलिए ब्रांड विभिन्न टचपॉइंट्स पर अपनी उपस्थिति के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने की कोशिश कर रहा है।

#### एसी की खूब हो रही बिक्री

फैशन और व्यापक फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स जैसी कुछ अन्य केटेगरी के विपरीत, जहां अधिकारी मास और प्रीमियम बाजारों के बीच मांग के अंतर की ओर इशारा कर रहे हैं। इसमें टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों खंडों से आकर्षण देखने को मिल रहा है। देश भर में जिस तरह की गर्मी बढ़ रही है, उसे देखते हुए रेफ्रिजरेटर या एसी अब एक जरूरत बन गई है। उदाहरण के लिए, ब्लू स्टार के लिए, एसी खरीदने वाले 90 प्रतिशत ग्राहक पहली बार प्रोडक्ट खरीद रहे हैं और उनमें से लगभग 60 प्रतिशत छोटे शहरों से हैं। एमडी बी त्यागराजन ने कहा, घरों में, एसी को कई कमरों में लगाया जा सकता है और इसलिए इस कैटेगरी की वृद्धि की संभावना बहुत अधिक है। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने इस (पूरे) साल में एसी की बिक्री में 35-40 प्रतिशत और रेफ्रिजरेटर की बिक्री में 30 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि गोदरेज अप्लायंसेज के लिए रेफ्रिजरेटर श्रेणी में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं एसी में 60 फीसदी का इजाफा देखा गया है।

# उम्मीद से बेहतर रही सरकार की कमाई, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। इनकम टैक्स और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपए अधिक रहा। इनकी डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपए हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए रही।

प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया।




#### बजट अनुमान से अधिक

बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपए रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपए हो गया।

#### कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपए से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपए के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

## प्रीमियम दोपहिया वाहनों के लिए बढ़ती प्राथमिकता : एथर एनर्जी के सीईओ ने भारत के बाजार की गतिशीलता में बदलाव पर प्रकाश डाला

**मुंबई, एजेंसी।** एथर एनर्जी के को फाउंडर और सीईओ, तरुण मेहता ने भारत के दोपहिया बाजार में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति पर प्रकाश डालने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने प्रीमियम मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर जोर दिया, प्रीमियमीकरण की ओर बदलाव गति पकड़ रहा है, प्रवेश स्तर के मॉडल को धीरे-धीरे उच्च-स्तरीय विकल्पों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है।



मेहता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 110सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली प्रीमियम बाइक की ओर बदलाव कुछ समय से जारी है, स्कूटर में बदलाव विशेष रूप से तेजी से हुआ है। पिछले पांच वर्षों में, >110सीसी बाइक की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत से बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई है, और स्कूटर के लिए, यह 25 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई है। यह बदलाव केवल आईसीई संचालित वाहनों के बारे में नहीं है; इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भी शामिल हैं। विशेष रूप से, 2 वाट इवी स्कूटर की बहुत सारी बिक्री अब प्रीमियम बाज़ार से होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे-जैसे भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़ती जा रही है, इस प्रवृत्ति में और तेजी आने की उम्मीद है। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह बदलाव बेंगलुरु, दिल्ली या मुंबई जैसे प्रमुख शहरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि एक राष्ट्रव्यापी घटना है। यहां तक कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में खरीदार भी समान आकांक्षाएं और खरीदारी व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। यह बदलाव पूरे भारत में हो रहे एक बड़े रुझान को दर्शाता है, न केवल महानगरीय शहरों में बल्कि प्रमुख रूप से टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में भी। यह दर्शाता है कि कैसे भारतीय उपभोक्ता बेहतर गुणवत्ता और अधिक प्रीमियम और उन्नत उत्पादों को पसंद करने लगे हैं।


यह कंपनियों के लिए उभरते भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार अपनी योजनाओं को समायोजित करने के महत्व पर जोर देता है। एथर एनर्जी के सीईओ का बयान कंपनियों के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि वे भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करें जो अधिक प्रीमियम उत्पाद खरीदने की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसा करने से, कंपनियां इस बदलाव से पैदा हुए बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को अच्छी स्थिति में रख सकती हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे लगातार आगे बढ़ें और भविष्य में प्रासंगिक बने रहें। एथर एनर्जी 450ङ्क और 450ऽ जैसे अपने प्रसिद्ध वाहनों के माध्यम से उपभोक्ताओं की मांगों पर गतिशील रूप से प्रतिक्रिया दे रही है, जो नवीनता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## 23 अप्रैल को ओपन हो रहा है आईपीओ, ग्रे मार्केट में कंपनी का दबदबा, कीमत 100 रुपये से कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। एमफोर्स ऑटोटेक आईपीओ इसी हफ्ते ओपन होने जा रहा है। कंपनी आईपीओ के जरिए 53.90 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी। वहीं, कंपनी 55 लाख शेयर जारी करेगी। बता दें, आईपीओ का प्राइस बैंड 93 रुपये से 98 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। एमफोर्स ऑटोटेक आईपीओ 23 अप्रैल को ओपन होगा। वहीं, निवेशकों के पास 26 अप्रैल 2024 तक का मौका इन्वेस्टमेंट के लिए रहेगा। कंपनी ने 1200 शेयरों का लॉट साइज बनाया है। जिस वजह से एक निवेशक को कम से कम 1,17,600 रुपये का दांव लगाना होगा। ग्रे मार्केट में कंपनी का प्रदर्शन शानदार है। टॉप शेयर ब्रोकर की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 60 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे थे।

# जोमैटो के ग्राहकों को पड़ेगा महंगा, प्लेटफार्म फीस में 25 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से अब खाना मंगाना महंगा पड़ेगा। जोमैटो ने अपने प्लेटफॉर्म फीस में 25 फीसदी की तगड़ी बढ़ोतरी कर दी है। हमारे सहयोगी ईटी के मुताबिक अब इस प्लेटफार्म से आर्डर देने पर आपको हर बार पांच रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इससे पहले यह चार रुपये प्रति ऑर्डर था। ज़ोमैटो ने पिछले साल अगस्त में ही प्लेटफार्म शुल्क लेना शुरु किया था। उस समय प्लेटफार्म फी के रूप में दो रुपये प्रति आर्डर लेना शुरू हुआ था। इसके बाद इसे बढ़ाकर तीन रुपये कर दिया था। नए साल की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड खाद्य ऑर्डरों से उत्साहित होकर उसने जनवरी में प्रमुख बाजारों में अपने अनिवार्य प्लेटफ़ॉर्म शुल्क को तीन रुपये प्रति ऑर्डर से बढ़ाकर चार रुपये कर दिया था।




#### किनको देनी पड़ती है फीस

जोमैटो ने जो प्लेटफार्म फीस लगाया है, वह डिलीवरी चार्जेस के अतिरिक्त होता है। हालांकि, जोमैटो गोल्ड के मेम्बर्स को डिलीवरी चार्ज नहीं होना पड़ता है। लेकिन उन्हें प्लेटफार्म फीस तो देना ही पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि जोमैटो का ही क्विक-कॉमर्स प्लेटफार्म ब्लिंकिट भी हर आर्डर पर कम से कम 2 रुपये हैंडलिंग चार्ज के रूप में वसूलता है।

#### कंपनी को कितने आर्डर

फूड डिलीवरी प्लेटफार्म जोमैटो को हर रोज 20 से 22 लाख आर्डर मिलते हैं। अब जबकि प्लेटफार्म फीस में हर आर्डर पर एक रुपया की बढ़ोतरी करने से ही कंपनी को हर रोज 20 लाख रुपये तो मिल ही जाएंगे। इसे यदि एक तिमाही में जोड़ें तो यह अच्छी-खासी रकम बन जाएगी। बीते जनवरी में जब उसने इस फीस में प्रति आर्डर एक रुपया की बढ़ोतरी की थी तो इससे भी उसकी आमदनी बढ़ी थी।

#### स्विगी भी वसूलता है प्लेटफार्म फीस

जोमैटो का प्रमुख प्रतिद्वंद्वी स्विगी भी ग्राहकों से प्लेटफार्म फीस वसूलता है। उसका भी प्रति आर्डर प्लेटफार्म फीस 5 रुपये है। उल्लेखनीय है कि जोमैटो को पिछले हफ्ते ही 11.81 करोड़ रुपये की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग और जुर्माने का आदेश मिला। इसमें जुलाई 2017-मार्च 2021 की अवधि के लिए 5.9 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग और 5.9 करोड़ रुपये का जुर्माना शामिल है।

# इकोनामी बढ़ने के साथ बढ़ने लगी एग्जीक्यूटिव भी डिमांड

**नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की इकॉनमी रॉकेट की स्पीड से बढ़ रही है। प्राइवेट सेक्टर पर भी इसका असर दिख रहा है। कंपनियों विभिन्न क्षेत्रों में अपना बिजनस बढ़ा रहा है। इससे भारत के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हायरिंग मार्केट में खासकर टॉप लेवल पर कंप्टीशन बढ़ता जा रहा है। देश का रिटेन्ड एग्जीक्यूटिव सर्च एंड हेडहंटिंग स्पेस की वैल्यू 1,500-2,500 करोड़ रुपये के बीच है। यह एग्जीक्यूटिव और सीनियर टेलेंट पर केंद्रित है। इसमें ज्यादा से ज्यादा कंपनियां एंट्री कर रही हैं। इसकी वजह यह है कि भारतीय कंपनियों को अपना बिजनस बनाने और बढ़ाने के लिए अधिक लीडर्स और सी-सूट पेशेवरों की तलाश है। सी-सूट पेशवरों में अमूमन कंपनी के टॉप अधिकारी शामिल होते हैं। इनमें चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और चीफ इनफॉरमेशन ऑफिसर शामिल होते हैं।**



भारत का रिटेन्ड एग्जीक्यूटिव सर्च मार्केट सालाना 15-20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। इसमें ग्लोबल सर्च कंपनियां और बुटीक प्लेयर्स शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर देखें तो एग्जीक्यूटिव सर्च स्पेस में पांच कंपनियों स्पेंसर स्टुअर्ट, हेड्रिक एंड स्ट्रगल्स, रसेल रेनॉल्ड्स, एगॉन ज़ेंडर और कॉर्न फेरी का दबदबा है। इन्हें सामूहिक रूप से स्ाक्र्य कहा जाता है। उद्योग के सूत्रों का कहना है कि भारत में भी उनकी बाजार हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक है। फिर भी तेजी से बढ़ता बाजार, विभिन्न क्षेत्रों में लीडरशिप टेलेंट की मजबूत मांग, बेहतर मार्जिन और बेहतर क्वालिटी वर्क के कारण कई कंपनियां इस मार्केट का रुख कर रही हैं। स्पेशलिस्ट स्टाफिंग फर्म एक्सफेनो ने हाल ही में एक एग्जीक्यूटिव सर्च डिवीजन शुरू किया है। लीगेसी ब्रांड एबीसी कंसल्टेंट्स के बिजनस में पहले मिड-लेवल स्पेस की अहम भूमिका थी लेकिन अब वह भी लीडरशिप/एग्जीक्यूटिव सर्च पर ध्यान केंद्रित करने लगा है।

#### क्यों बढ़ रही है डिमांड

जानकारों का कहना है कि इस स्पेस में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, लेकिन इसमें पर्याप्त अवसर भी हैं। इसकी वजह यह है कि सीएक्सओ का छोटा कार्यकाल है। साथ ही भारतीय कंपनियां परिचालन को पेशेवर बना रही हैं, नियुक्तियों में विविधता ला रही हैं। इन कारणों से टॉप लेवल पर मांग बनी हुई है। एबीसी कंसल्टेंट्स के एमडी शिव अग्रवाल ने कहा कि भारतीय बाजार तेजी से बढ़ रहा है और सर्च एक सुस्थापित अवधारणा है। हालांकि टॉप लेवल पर मेंडेट मिडिल लेवल की तुलना में कम हैं, लेकिन उनके लिए राजस्व में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एबीसी का पसंदीदा क्षेत्र अब 70 लाख रुपये से 2.5 करोड़ रुपये का ब्रैकेट है। छोटी-बड़ी भारतीय कंपनियों से सबसे ज्यादा डिमांड आ रही है। इसमें दूसरी पीढ़ी के कारोबार भी शामिल हैं जो तेजी से अपने ऑपरेशन को प्रोफेशनल बना रही हैं।

## 6 प्रतिशत सस्ता हुआ टाटा का शेयर, एक्सपर्ट बोले- खरीदो 1900 के पार जाएगा भाव, देगा मुनाफा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्च तिमाही के नतीजे के बाद बीते शुक्रवार को टाटा की कंपनी टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार को ट्रेडिंग के दौरान यह 6 फीसदी टूटकर 1740.90 रुपये पर पहुंच गया। टाटा समूह की इस कंपनी ने लगभग दो सप्ताह पहले अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 2,085 रुपये को टच किया था। इस लिहाज से शेयर 16 प्रतिशत टूट चुका है।




#### ब्रोकरेज की राय

टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड शेयर पर कुछ ब्रोकरेज बुलिश नजर आ रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल ने कहा-हम वित्त वर्ष 2024-26 में राजस्व और इबीअइटीडीए में क्रमशः 14 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की सीएजीआर का अनुमान लगाते हैं। हमने वित्त वर्ष 26 में अपने एबिटा अनुमान को 7 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। ब्रोकरेज ने डिजिटल पोर्टफोलियो में वित्त वर्ष 2027 तक 28,000 करोड़ रुपये के राजस्व वृद्धि लक्ष्य को निर्धारित किया है। कंपनी के नेट डेब्ट में बढ़ोतरी हुई है। यह सालाना आधार पर 60 प्रतिशत बढ़कर 9,000 करोड़ रुपये हो गया। मोतीलाल ओसवाल ने इस शेयर पर 1,910 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। हाल ही में टाटा कम्युनिकेशंस ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। तिमाही के दौरान कंपनी के प्रॉफिट में साल-दर-साल आधार पर 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 321.2 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी का मुनाफा एक साल पहले की अवधि में 326 करोड़ रुपये था। परिचालन से राजस्व लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर 5,691.7 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,568.7 करोड़ रुपये था। वहीं, कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर महज 2.1 फीसदी बढ़कर 1,056.3 करोड़ रुपये हो गया। इसका मार्जिन एक साल पहले के 22.6 फीसदी से घटकर 18.6 फीसदी हो गया। कंपनी ने यह भी कहा कि उसके बोर्ड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 16.70 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है।

## संक्षिप्त समाचार



### चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



### लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी।** साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

## आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को

# वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

### हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.




### अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

### टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून– यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून– वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून– नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून– श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून– अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून– इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून– नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून– भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून– पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून– यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून– नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून– कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून– न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून– श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून– नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून– वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून– भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून– ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून– साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून– पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून– श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून– यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून– वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून– इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून– बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून– अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून– यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून– साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून– न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून– भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून– नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून– पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून– बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून– श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून– न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून– वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून– ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून– बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून– सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून– बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून– बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून– ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून– ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून– सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून– ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून– सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून– बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून– सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून– सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून– सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून– फाइनल, बारबाडोस

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

### रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

# 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

● विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा(

### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।

# तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

### 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20 गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

### लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!**

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.



### छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका में कार रेस दुर्घटना में सात की मौत, 23 लोग घायल



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के सेंट्रल हिल्स में रविवार को एक कार रेस के दौरान एक कार ट्रैक से उतर गई। इसकी चपेट में आकर कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मीडिया प्रवक्ता डीआईजी निहाल थल्दुवा ने कहा कि सात मृतकों में रेस मार्शल और दर्शक शामिल थे। एक आठ साल की लड़की की भी हादसे में मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय नववर्ष के अनुसार श्रीलंका सेना द्वारा आयोजित, फॉक्सहिलसुपर क्रॉस 2024 नामक रेस देखने के लिए एक लाख से अधिक प्रशंसक इकट्ठा हुए थे। यह दौड़ श्रीलंका के मध्य हाइलैंड्स में एक पूर्व गैरीसन शहर दियातलावा में आयोजित की गई थी, जहां सभी सैन्यकर्मी सैन्य प्रशिक्षण लेते हैं। नव वर्ष की छुट्टियों के मौसम के दौरान छुट्टियां मनाने वाले लोग सेंट्रल हिल्स में इकट्ठा होते हैं। जहां कार रेस और घुड़दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएं होती हैं। श्रीलंकाई सेना ने आखिरी बार 2019 में फॉक्सहिल रेस का आयोजन किया था, लेकिन देश भर में 2019 ईस्टर हमलों के बाद इसे अचानक रोकना पड़ा। यह दौड़ पांच साल बाद दोबारा आयोजित की जा रही थी, लेकिन घातक दुर्घटना के बाद रविवार को इसे फिर से निलंबित कर दिया गया।

### रूस ने पाकिस्तानी चावल में दूषित पदार्थ पाए जाने के बाद फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** रूस ने हालिया शिपमेंट में एक क्वारंटाइन ऑर्गेनिज्म की मौजूदगी का पता लगाने के बाद पाकिस्तान को उसके यहां से चावल के आयात पर फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, रूस की संघीय वेटरिनरी एंड फाइटोसैनिटरी सर्विलांस सेवा (एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं के उल्लंघन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की, जिसमें मेगासेलिया स्केलारिस मक्खी पाई गई थी। इसने रूस में पाकिस्तानी दूतावास से मामले की तत्काल जांच का आदेश देने की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होने और कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए प्रासंगिक फाइटोसैनिटरी मानकों को बनाए रखने की मांग की है। पाकिस्तानी मिशन ने खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप संरक्षण विभाग (डीपीपी) और संबंधित अन्य सरकारी कार्यालयों को रूसी प्राधिकरण के पत्र का अंग्रेजी अनुवाद भेजा है, जिसमें चावल निर्यात पर किसी भी प्रतिबंध से बचने के लिए शीघ्र जांच करने और रिपोर्ट साझा करने की मांग की गई है। रूस ने पहले 2019 में इसी तरह के मामले के आधार पर प्रतिबंध लगाया था, जो लगभग दो साल तक लगा रहा और खाद्य सुरक्षा मानकों पर दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच बातचीत की लंबी श्रृंखला के बाद ही हटाया गया था।

### एलन मस्क का काम देखने टेस्ला की फैक्ट्री पहुंच गई उनकी मां



**टेक्सास, एजेंसी।** एलन मस्क की मां मेय मस्क जो कि अपने लुक, फैशन की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, वे टेक्सास में टेस्ला गीगाफैक्टरी गई थीं। मेयी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एलन मस्क के साथ नजर आ रही हैं। मेय मस्क ने हाल ही में अपना 76 वां जन्मदिन से मनाया है। एलन मस्क की मां मेय मस्क एक मॉडल और डाइटिशियन हैं। वे अक्सर फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर भी वे अपने फैशन और अपने खूबसूरत अंदाज के चलते छाई रहती हैं। शनिवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेक्सास में टेस्ला गीगीफैक्ट्री का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि शनिवार को आप क्या करते हैं? एलन मस्क के साथ टेस्ला गीगाफैक्ट्री गई। यहां की लॉबी बहुत ही सुंदर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की इस तस्वीर में मेय नीले रंग की डेनिम जैकेट और जींस पहने नजर आ रही हैं। इस लिबास में वे बहुत ही खूबसूरत लग रहीं थीं। वहीं एलन काले रंग की जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके फैंस ने कमेंट पर उनकी खूब तारीफ भी की।

# इजरायल से तनाव के बीच पाकिस्तान जाएंगे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान और इजरायल में इन दिनों तनाव चरम पर चल रहा है। इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान के दौरे पर जा रहे हैं। इस सप्ताह उनका तीन दिन का पाकिस्तान दौरा हो सकता है। जानकारी के मुताबिक दोनों देश अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं। जनवरी महीने में मिसाइल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और ईरान में संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने रईसी के दौरे की बात की पुष्टि की है।

बता दें कि इस समय इजरायल और ईरान आमने सामने हैं। सीरिया में ईरानी दूतावास में इजरायल एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने भी ताबड़तोड़ 300 मिसाइल और ड्रोन इजरायल पर दाग दिए थे। हालांकि ये मिसाइल इजरायल के सुरक्षा कवच को भेद नहीं पाए। वहीं इजरायल ने भी ईरान पर पलटवार किया। ऐसे में मिडल ईस्ट में तनाव देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति रईसी पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। वे आंचलिक और वैश्विक परिस्थितियों, द्विपक्षीय संबंधों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और व्यापारिक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इसके अलावा वह लाहौर और कराची शहरों का भ्रमण करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान ने भी कहा है कि मिडल ईस्ट में तनाव कम होना चाहिए।

बता दें कि ईरान और पाकिस्तान के संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। वहीं मिसाइल स्ट्राइक के बाद दोनों के बीच तनाव और बढ़ गया था। हालांकि अब दोनों देश एक दूसरे की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाए बिना आपसी संबंधों को मजबूत करने की कवायद कर रहे हैं।



**दोनों देशों से कैसे हैं भारत के रिश्ते :** पाकिस्तान से भारत के रिश्ते किसी से छिपे नहीं हैं। वहीं भारत के लिए ईरान बेहद महत्वपूर्ण साझेदार है। हथियारों की आपूर्ति करने के मामले में ईरान चौते नंबर पर है। भारत और ईरान के बीच पुराने सांस्कृतिक संबंध भी हैं। चाबहार पोर्ट भारत और ईरान को दुनियाभर के समुद्री मार्गों से जोड़ता है। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान को नियंत्रित करने में भी ईरान भारत की मदद करता रहा है।

बता दें कि ईरान और पाकिस्तान के बीच जब तनाव बढ़ा था तब पर्दे के पीछे से काम करके चीन ने सुलह करवा दी थी। रईसी के इस दौरे को भी चीन की रणनीति से जोड़ा जा रहा है। इसमें दोनों का स्वार्थ देखा जा रहा है। एक तरफ तो चीन पाकिस्तान में चल रहे अपने प्रोजेक्ट्क के लिए रास्ता साफ करना चाहता है। दूसरी तरफ ईरान परमाणु बनाना चाहता है जिसपर प्रतिबंध लगे हुए हैं। हालांकि अमेरिका से चलने वाली तनातनी के बीच ईरान चाहता है कि वह भी परमाणु हथियार से लैस हो जाए।

## इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ ने गाजा युद्ध जारी रखने को दी मंजूरी



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइली चीफ ऑफ स्टाफ हरजी हलेवी ने गाजा में युद्ध जारी रखने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने दी। इज़राइली कान चैनल ने बताया कि मिस्र की सीमा पर दक्षिणी गाजा पट्टी शहर राफा में सैन्य अभियान की भी मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि इज़राइल के सहयोगियों ने राफा में हमले के खिलाफ चेतावनी दी है। लेकिन इज़राइल हमास की शेष बटालियनों को नष्ट करने के लिए राफा में सैन्य अभियान आवश्यक मानता है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने रविवार को हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों के लिए कहा, जब तक आप घर नहीं आ जाते, हम लड़ते रहेंगे।

## इराकी लड़ाकों ने सीरिया में अमेरिकी बेस पर दागे रॉकेट



**बगदाद/दमिश्क, एजेंसी।** इराक से पड़ोसी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर पांच रॉकेट दागे गए। एक इराकी सुरक्षा सूत्र ने मीडिया को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के सूत्र ने रविवार को बताया कि हमला तब हुआ, जब अज्ञात लड़ाकों ने निनेवेह की प्रांतीय राजधानी मोसुल के उत्तर-पश्चिम में जुम्मर शहर के पास एक इराकी गांव से पूर्वोत्तर सीरियाई क्षेत्र की ओर रॉकेट दागे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने सीरिया के उत्तर-पूर्वी प्रांत अल-हसाका के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खरब अल-जिर हवाई अड्डे पर अमेरिकी बेस पर ड्रोन से असफल हमले की सूचना दी है। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि अमेरिकी सुरक्षा बलों ने बेस पर पहुंचने से पहले ड्रोन को मार गिराया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमलों के पीछे इराक में तैनात ईरान समर्थित इस्लामी प्रतिरोध समूह का हाथ बताया जा रहा है।

## लेबनान में इजरायली हमले में मारा गया एक आतंकवादी



**बेरूत, एजेंसी।** दक्षिणी लेबनानी गांव पर इजरायली हवाई हमले में अमल मूवमेंट का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य घायल हुए। इसकी जानकारी लेबनानी सैन्य सूत्रों ने दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान के 8 सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 12 हवाई हमले किए, जिसमें 15 घर तबाह हो गए और 25 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उनके लड़ाकों ने अल-मलिकियाह, मिसगाव अम, जल अल-आलम और डोविव बैरक की इजरायली साइट्स पर हमला किया। साथ ही कहा गया कि उन्होंने जेजिन जिले के लेबनानी गांव आइचीयेह के ऊपर एक इजरायली हर्मीस 450 ड्रोन को मार गिराया है। सशस्त्र समूह ने कहा कि इजरायली ड्रोन दक्षिणी लेबनान में स्थानों पर हमला कर रहा था। हिज्बुल्लाह और अमल मूवमेंट दोनों लेबनान में शिया पार्टियां हैं। इसके अलावा, लेबनान में अल-कसम ब्रिगेड, फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सैन्य शाखा ने दावा किया कि उन्होंने 20 ग्रैड मिसाइलों के साथ गैलील क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में इजरायली शोमेरा बैरक पर बमबारी की।

7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हुए हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्ला ने इजरायल की ओर रॉकेट लॉन्च किए, जिसके चलते 8 अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद इजरायल ने दक्षिण पूर्वी लेबनान की ओर गोलीबारी के जरिए जवाबी कार्रवाई की। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्ला और इजरायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 433 लोग मारे गए हैं, जिनमें 277 हिजबुल्ला सदस्य और 76 नागरिक शामिल हैं।

## इजरायली हिंसा के विरोध में वेस्ट बैंक में हड़ताल

**यरूशलेम, एजेंसी।** तुल्कर्म और गाजा पट्टी के शरणार्थी शिविरों में इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों की हत्या के विरोध में वेस्ट बैंक में रविवार को हड़ताल है। हड़ताल का आह्वान अन्य समूहों के अलावा फ़तह आंदोलन ने भी किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह रामल्लाह की सड़कों पर बहुत कम गाड़ियां दिखी और दुकानें बंद हैं।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन में रविवार सुबह इजरायली सैनिकों ने दो फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी। फ़िलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उसे इजरायल के अधिकारियों ने ही मौत की सूचना दी। इजरायली सेना के मुताबिक, फिलिस्तीनियों ने पहले एक चेकपॉइंट पर इजरायली सैनिकों पर हमला किया था। 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल और उग्रवादी फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में स्थिति काफी खराब हो गई है। अकेले वेस्ट बैंक में ही 450 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, उनमें से अधिकांश की मौत इजरायली हमलों में हुई।

उधर गाजा में पिछले छह महीनों में 33,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और कई हजार से अधिक घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने शनिवार शाम वेस्ट बैंक में एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। सेना के मुताबिक उसने कम से कम 10 बंदूकधारियों को मार गिराया।

# इजरायली हमले में मरे एक ही घर के 13 बच्चे, पर एक करिश्मा भी- मां की मौत के बाद जन्मी बच्ची

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर फिर से हमले तेज किए हैं। यही नहीं रविवार को तो उसके हमले में एक ही रात में 22 लोगों की मौत हो गई। यही नहीं 22 जिंदगियां चली गईं तो एक का जन्म भी हुआ। इजरायली हमले में मारी गई एक इजरायली महिला के गर्भ से बच्ची का जन्म हुआ है। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। खबरों के अनुसार इजरायल के हमलों में जो लोग मारे गए हैं, उनमें एक ही परिवार के 13 बच्चे शामिल हैं। इन हमलों में अलग-बगल के दो घर ही निशाने पर आए और उनमें रहने वाले 22 लोगों की मौत हो गई।



इसी दौरान एक बच्ची का जन्म मरी हुई मां के गर्भ से हुआ। बच्ची का वजन करीब 1.4 किलोग्राम है और डिलिवरी ऑपरेशन से हुई है। बच्ची की देखभाल में जुटी डॉ. मोहम्मद सलमा ने कहा कि उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। फिलहाल उसकी जिंदगी को कोई खतरा नहीं है। बच्ची की मां सबरीन अल-सकानी 30 सप्ताह की गर्भवती थी और इजरायली हमले में उसकी मौत हो गई। मां की मौत के बाद पहुंचे बचावकर्मियों ने देखा तो गर्भ के अंदर बच्ची जिंदा थी। इसके तुरंत बाद ऑपरेशन किया गया और बच्ची को गर्भ से निकाल लिया गया।

बच्ची को फिलहाल राफा के एक अस्पताल में इनक्यूबेटर में रखा गया है। बच्ची के परिचय के तौर पर लिखा गया है- शहीद सबरीन अल-सकानी की बेटी। यह परिचय एक टेप पर लिखा गया है, जिसे उसके सीने पर चिपकाया गया है। सबरीन के साथ ही उसकी एक बच्ची की भी मौत हो गई है। इसके अलावा पति भी मारे गए हैं यानी नवजात बच्ची अनाथ है। बच्ची के चाचा रमी अल-शेख ने कहा कि उसकी बहन चाहती थी कि बेटी का जन्म हो तो उसका नाम रूह रखा जाए। उन्होंने कहा कि मलक बहुत खुश थी कि उसकी बहन दुनिया में आ रही है, लेकिन उससे पहले इजरायली हमले ने परिवार के तीन लोगों की जान ले ली।

**एक ही घर के मारे गए 13 बच्चे, इजरायली हमले से कोहराम :** डॉ. सलमा ने कहा कि बच्ची को तीन से चार सप्ताह तक अस्पताल में रखा जाएगा। सलमा ने कहा, %इसके बाद हम देखेंगे कि बच्ची को किसे सौंपना है। चाचा चाची को दिया जाए या फिर दादा को। यह एक बड़ी आपदा है। यदि यह बच्ची बच भी गई तो वह एक अनाथ के तौर पर जिंदगी गुजारेगी।% फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि एक घर के ही 13 बच्चे इजरायली हमले में मारे गए हैं। इसके अलावा दो महिलाओं की भी मौत हो गई है।

# पाकिस्तान उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, नहीं चला इमरान खान का जादू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।



**नवाज शरीफ की पार्टी का बढ़िया प्रदर्शन :** पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। असेंबली सीटों में से पीएमएलएन ने पंजाब की नौ सीटों पर, बलूचिस्तान की एक सीट पर जीत दर्ज की। वहीं पीपीपी, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल और इश्तेकाम पाकिस्तान पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की।

**उपचुनाव के दौरान कई जगह हुई हिंसा :** उपचुनाव के दौरान पाकिस्तान में कई जगह हिंसा भी देखने को मिली और पीटीआई और पीएमएलएन समर्थकों के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की जान चली गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सरकार ने कई जगहों पर इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही कई जगहों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर भी पाबंदी रही। पंजाब की दो नेशनल असेंबली सीट प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मरयम नवाज के सीट छोड़ने के चलते खाली हुईं। शहबाज शरीफ के पंजाब असेंबली की दो सीटें छोड़ने के बाद भी इन सीटों पर उपचुनाव हुए।

# पाकिस्तानी संसद की मस्जिद से जूतों की चोरी, नमाज पढ़कर नंगे पैर लौटे सांसद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के लोगों की आर्थिक स्थिति इस हद तक खस्ताहाल हो चुकी है कि अब वे मस्जिद से जूतों की चोरी करने लगे हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसे पाकिस्तानी संसद के परिसर में स्थित मस्जिद से अंजाम दिया गया। चोर संसद की सुरक्षा को पार करने में कामयाब रहे और 20 जोड़ी जूते उड़ा ले गए। पाकिस्तानी सांसद, अधिकारी और पत्रकार उस वक्त हैरान रह गए जब वे मस्जिद से बाहर निकले और खुद को नंगे पैर पाया। संसद परिसर से जूते कैसे गायब हुए, इसका जवाब वहां पर तैनात सुरक्षाकर्मियों का पास भी नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना के बारे में जानकारी नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक तक पहुंची। उन्होंने इसे लेकर तुरंत हस्तक्षेप किया और सुरक्षा विभाग से इस पर रिपोर्ट सौंपने को कहा। यह घटना संसद भवन के भीतर स्थित मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुई जिसकी जानकारी अब निकलकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि मौके पर नेशनल असेंबली के सदस्य, पत्रकार और संसदीय कर्मचारियों सहित श्रद्धालु भी मौजूद थे। अब इसे लेकर सवाल उठ रहा है कि सुरक्षित माने जाने वाली जगह से भी 20 जोड़ी जूते कैसे चोरी हो गए। क्या वहां पर मौजूद किसी भी शख्स की इस पर नजर नहीं गई।



**मस्जिद से बाहर निकलते ही उड़े लोगों के होश :** मस्जिद के अंदर जब लोग नमाज अदा कर रहे थे उसी वक्त चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। जैसे ही वे मस्जिद से बाहर निकले, उन्होंने देखा कि कई लोगों के जूते गायब हैं। ऐसी स्थिति में पाकर वे हैरान रह गए और सवाल उठने लगा कि संसद परिसर से चोरी कैसे हो सकती है। अब लोगों को यह समझ नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए। कुछ को तो वहां से नंगे पैर ही जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौके पर कुछ समय के लिए अराजकता जैसे हालात नजर आए। लोग वहां से नंगे पांव जाने के लिए तैयार नहीं थे और विकल्पों के लिए संघर्ष करते दिखे। वहीं, नेशनल असेंबली स्पीकर ने सुरक्षा चूक पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इस घटना को लेकर तुरंत गहन जांच के आदेश दिए हैं। यह भी बताया जा रहा है कि जिस वक्त चोरी हुई, उस दौरान सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद नहीं थे।

# लेबनान में वर्षों तक बंधक रहे अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन हो गया है। टेरी एंडरसन को इस्लामी आतंकियों ने लेबनान में करीब सात वर्षों तक बंधक बनाकर रखा था और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई थी। टेरी एंडरसन ने रविवार को 76 वर्ष की उम्र में अपने न्यूयॉर्क स्थित घर पर अंतिम सांस ली। टेरी एंडरसन मीडिया जगत के एक बड़े संस्थान के मध्य पूर्व के मुख्य संपादक थे और लेबनान में बंधक बनाए गए पश्चिमी नागरिकों में सबसे लंबे समय तक बंधक रहे।

**लेबनान में करीब सात वर्षों तक रहे बंधक टेरी एंडरसन :** टेरी एंडरसन की बेटी सुलोम एंडरसन ने यह जानकार दी। टेरी को शिया मुस्लिम आतंकी संगठन ने बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान टेरी को हाथ-पैर बांधकर, आंखों पर पट्टी बांधकर एक ऐसी कोठरी में रखा गया, जहां रोशनी भी कम आती थी। टेरी ने रिहाई के बाद बताया था कि वह एक समय पागल जैसे हो गए थे और खुदकुशी करना चाहते थे, लेकिन उनकी रोमन कैथोलिक आस्था की वजह से वे बचे रहे। आखिरकार दिसंबर 1991 में टेरी को रिहा कर दिया गया। टेरी की बेटी सुलोम ने बताया कि उसके पिता ने बंधक रहते हुए काफी कष्ट झेला। सुलोम ने कहा वह चाहेंगे कि लोग उन्हें उनके सबसे बुरे अनुभव के लिए याद न रखें बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें याद रखा जाए। जैसे उन्होंने वियतनाम के बच्चों के लिए फंड बनाया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति बनाने समेत कई अच्छे काम किए।



**शिया आतंकियों ने किया था अपहरण :** टेरी एंडरसन का जन्म 27 अक्तूबर 1947 को ओहियो में हुआ था। टेरी का बचपन बटाविया, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बीता। आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद टेरी ने छह वर्षों तक मरीन कॉर्प्स में भी काम किया। इसके बाद टेरी ने मीडिया में काम करते हुए डेट्रॉयट, लुइसविले, न्यूयॉर्क, टोक्यो, जॉहानेसबर्ग और फिर बेरूत में काम किया।

बेरूत से ही टेरी का अपहरण किया गया। 16 मार्च 1985 को जब टेरी बेरूत स्थित अपने घर पर टेनिस खेल रहे थे, उसी दौरान एक कार में आए कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उनका अपहरण कर लिया। आतंकियों ने टेरी के बदले कुवैत की जेलों में बंद अपने साथी आतंकियों को छोड़ाने की मांग की।

हालांकि टेरी की रिहाई नहीं हो पाई और अगले छह साल टेरी के लिए नारकीय साबित हुए। टेरी के बंधक रहने के दौरान ही उनके पिता और भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। टेरी की रिहाई के लिए उनकी बहन ने काफी कोशिश की थी। अमेरिकी सरकार ने भी टेरी की रिहाई के लिए काफी कोशिश की, लेकिन सब बेकार गईं और टेरी को अपने जीवन के कई साल नरक जैसे हालात में बिताने पड़े थे।

## सामने अंधेरा छा गया...हीटवेव की खबर पढ़ते हुए बेहोश हो गई टीवी ऐंकर

**कोलकाता, एजेंसी।** देश में इस समय हीटवेव का असर देखा जा रहा है। कई जगहों पर तापमान 40 से 46 डिग्री के बीच पहुंच गया है। अप्रैल महीने में इतनी गर्मी की वजह से लोग परेशान हैं। एक टीवी चैनल पर हीटवेव का समाचार बताते हुए ही ऐंकर बेहोश हो गई। जानकारी के मुताबिक लाइव प्रोग्राम के दौरान ही महिला ऐंकर का ब्लड प्रेशर लो हो गया और उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। महिला ऐंकर का नाम लोपामुद्रा सिन्हा बताया गया है। दूरदर्शन कोलकाता के कार्यक्रम के दौरान हीटवेव की जानकारी देते हुए महिला ऐंकर की तबीयत बिगड़ गई। बाद में ऐंकर ने खुद बताया, ऐसा लगा जैसे टेलीप्रॉम्पटर फेड हो गया है। इसके बाद आंखों के सामने अंधेरा छा गया। सिन्हा ने कहा कि ज्यादा गर्मी और अचानक ब्लड प्रेशर कम होने की वजह से वह बेहोश हो गई थीं। उन्होंने कहा कि कूलिंग सिस्टम में खराबी की वजह से स्टूडियो में बहुत गर्मी हो गई थी। उन्होंने कहा कि सुबह के ब्रॉडकास्ट से पहले भी उनका गला सूख रहा था। सिन्हा ने कहा, मैंने कभी अपने पास बॉटल नहीं रखी। चाहे यह 15 मिनट का शो हो या फिर आधे घंटे का। मुझे कभी बीच में पानी पीने की जरूरत ही नहीं महसूस हुई। उन्होने कहा, जब ब्रॉडकास्ट 15 मिनट का बचा तो मेरा गला सूखने लगा। जब टीवी पर विजुअल्स दिखाए जा रहे थे तो मैंने मैनेजर से पानी मांगा। उन्होंने कहा, इसके बाद लगातार उनका फेस टीवी प र आने लगा और उन्हें पानी पीने का मौका ही नहीं मिला।

# मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं



### ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई? उन्होंने कहा, हम फैसले (दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने) का कड़ा विरोध करते हैं...यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। एक व्यक्ति, एक पार्टी का शासन होगा और विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के रोड शो में बुलडोजर का काफिला, सीएम ने की छत्तीसगढ़ के भाचा राम से लेकर अयोध्या ?के राम की बात



**बिलासपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे।? लोकसभा चुनाव में बिलासपुर सीट से प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर के काफिलों के साथ स्वागत किया गया। बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बीआर यादव स्टेडियम बहतराई स्टेडियम में हुई इस सभा के दौरान उनका स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलडोजर रैली निकालते हुए किया है। बिलासपुर में सीएम योगी को सुनने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम में जमा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ के स्वागत में बिलासपुर और बेलतरा के भाजपा कार्यकताओं ने शहर में बुलडोजर रैली निकालते? हुए स्टेडियम पहुंचे। शहर के सरकंडा इलाके से रैली निकाली गई। 30 बुलडोजर को रैली के रूप में शहर भर में घुमाया गया। बुलडोजर यात्रा शहर के अलग-अलग इलाकों से होकर निकालकर अंत में सभी बुलडोजर को सभा स्थल में ले जाया गया है।? मुख्यमंत्री आज बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे । उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा बुलंद किया। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचे हुए थे, जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। सीएम योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्री राम भगवान का ननिहाल है और ननिहाल जाकर सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि, श्री राम भगवान का भव्य मंदिर 500 साल बाद आज अयोध्या में बनकर तैयार हो गया है । यही कांग्रेस की जब सरकार थी तो उन्होंने राम भगवान के अस्तित्व को मानने से ही इंकार कर दिया था। इस तरह आज देश की जनता कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व को खत्म कर रही है।

### माफिया पर शिकंजा कसने को अब तीन दिन चलेगी कोर्ट

**लखनउ, एजेंसी।** आगामी चुनाव में माफिया, गैंगस्टर और शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रयागराज पुलिस आयुक्त रमित शर्मा की कोर्ट अब हफ्ते में दो की जगह तीन दिन चलेगी। चुनाव के दौरान अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर करने की कार्रवाई तेज हो गई है। अपराधियों को जिले से बाहर या जेल भेजा जा रहा है। लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए कोर्ट की अवधि बढ़ा दी गई है। कमिश्नरेट लागू होने के बाद पुलिस आयुक्त की कोर्ट शुरू हुई तो पता चला कि यहां हजारों पुराने केस लंबित हैं। गैंगस्टर एक्ट की फाइलों के निस्तारण के बाद भी उसे कोर्ट नहीं भेजा गया है। हैरानी की बात रही कि गुंडा एक्ट की हजारों फाइलें लंबित मिली। वर्ष 2012 से 2023 तक की फाइलों का निस्तारण नहीं किया गया। थाने से गुंडा एक्ट में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई लेकिन उसे निरस्त किया गया और न ही जिलाबदर की कार्रवाई हुई। पुलिस कमिश्नर ने वर्तमान में सक्रिय अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सुनवाई तेज कर दी है।

# कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है।यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि 'यह बहुत लंबा हो गया था।' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में 'प्रचंड बहुमत' का दुरुपयोग किया। चिदंबरम ने कहा, 'कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।' चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिंदबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि' पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है। चिदंबरम ने कहा, 'यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र को बहाल' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, 'भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, 'भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।' चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा, 'यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।' कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में नौकरियां और धन पैदा करने की बात की गई है जिसके बारे में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी चुप है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ इन दिनों मुखर दिख रहे विजयन की भी आलोचना की और वामपंथी नेता से इस चुनाव को राष्ट्रीय चुनाव के रूप में देखने के लिए कहा।

## भाजपा ने अति पिछड़े समाज के नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, मोदी जी ने 35 प्रतिशत पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसदों को मंत्री बनाया- अमित शाह



**रांची।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ताबड़तोड़ जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए शाह पूरी तैयारियों के साथ मैदान में उतर चुके हैं। इसी सिलसिले में अमित शाह ने बिहार के कटिहार में विशाल जन सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि, 'भाजपा ने अति पिछड़े समाज के नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, मोदी जी ने 35 प्रतिशत पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसदों को मंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। जबकि, एक ओर कांग्रेस पार्टी थी। जिन्होंने OBC (अन्य पिछड़ा वर्ग) के साथ सालों तक अन्याय किया है। इन्होंने काका कालेलकर रिपोर्ट को दबाकर रखा। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर रखा।'

यह बात जगज़ाहिर है कि, प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में से नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद, जातिवाद व तुष्टिकरण पर करारा प्रहार किया है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी व इनके साथी लालू यादव गरीबी हटाओ का नारा देते रहते हैं। लेकिन इन सबके बावजूद कभी गरीबी मिटा नहीं पाए। जबकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र ने बीते लगभग 10 साल में 80 करोड़ से अधिक देश की जनता को प्रति माह, प्रति व्यक्ति पाँच किलो मुफ़्त अनाज देने का काम किया है। शौचालय, उज्ज्वला योजना देकर एक ओर मोदी सरकार ने महिलाओं को ज़रूरी सुविधाओं से समृद्ध किया है तो दूसरी ओर युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा का माहौल तैयार किया है। ग़रीबों के जीवन में जो बदलाव मोदी सरकार लेकर आई है। वो इससे पहले कभी संभव नहीं हो सका।

जबकि, आईएनडीआई गठबंधन और लालू यादव बिहार को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहती है। वही बिहार जिसमें आए दिन दंगा, हिंसा, भ्रष्टाचार, छिनैती आम बात थी। आम इंसान तो दूर की बात व्यापारी तक को दिन दहाड़े लूट लिया जाता था।

## राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे।



### हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं।22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई।इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं।देश भर से भक्तों के अयोध्या आने का सिलसिला जारी है।बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नए मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद पहली रामनवमी हाल ही में बीती है।सूर्य तिलक के लिए राम मंदिर में ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम लागू करने से पहले, रुड़की इलाके के लिए उपयुक्त एक छोटा मॉडल सफलतापूर्वक मान्य किया गया।

# मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच, ये संघ से मिले संस्कार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओं- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। और उनको बांटेंगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।



### जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली: खरगे

मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा, हमारा घोषणापत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबकी बराबरी की बात करता है। सबके लिए न्याय की बात करता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र सच की बुनियाद पर टिका है, पर लगता है Goebbels रूपी तानाशाह की कुर्सी अब डगमगा रही है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी जी ने गिराया है। उन्होंने कहा, मोदी जी, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर व पंडित जवाहरलाल नेहरू की ओर से दिया गया सबको समान वोटिंग का अधिकार छीनना चाहते हैं।

## मेरठ में बढ़ेगी सियासी गर्मी ! आज योगी, अखिलेश और मायावती करेंगे रोड शो और जनसभा

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर अब भाजपा, बसपा, सपा ने सारी ताकत झोंक दी है। 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती मेरठ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री मेरठ में रोड शो करेंगे। मायावती हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी 23 को सिवालखास में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र शर्मा, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री का शहर में रोड शो होगा। देर शाम मुख्यमंत्री के रूट का निरीक्षण मुख्यमंत्री कार्यालय से आए प्रभारी संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर,मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता विवेक रस्तोगी ने किया। उधर, बसपा के मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी के अनुसार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 23 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं,सपा नेताओं के अनुसार अखिलेश यादव 23 अप्रैल को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**प्रशासन सतर्क :** 23 अप्रैल को मेरठ में वीआईपी दौरों को लेकर पुलिस, प्रशासन सतर्क है। अधिकारियों का कहना है कि 23 अप्रैल को तीनों अति विशिष्ट सुरक्षा श्रेणी के वीआईपी हैं। ऐसे में तीनों की सुरक्षा और शहर से लेकर जिले की व्यवस्था को लेकर सतर्क होना आवश्यक है। कई इलाकों में रूट डायवर्ट रहेंगे और वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। साथ ही भीड़ जमा होने को लेकर भी प्रशासन सतर्क है। वीआईपी के साथ ही आम जनता की भी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।

## सचिन पायलट के ट्रंप कार्ड ने किया कमाल तो फंस जाएगी बीजेपी? इन सीटों पर असर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इन सीटों पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। हाई प्रोफाइल सीट दौसा को लेकर दोनों ही दल जीत का दांवा कर रहे है। इस सीट पर लड़ तो रहे हैं कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा और बीजेपी कन्हेयालाल मीणा, लेकिन परीक्षा सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की होगी। पूर्वी राजस्थान में वर्चस्व की राजनीति को लेकर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की बीच अदावत किसी छिपी नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दौसा सीट को लेकर इस बार पेच फंस गया है। बीजीपे की यह सीट फंस सकती है। सचिन पायलट ने गुर्जर कॉर्ड का बखूबी इस्तेमाल किया है। ऐसे में सियासी जानकारों का कहना है कि पायलट का ट्रंप कार्ड कमाल दिखा देता है कि बीजेपी की कम से कम 4 सीटें कांग्रेस को मिल सकती है। दौसा, टोंक सवाई माधोपुर, कोटा -बूंदी और अजमेर। इन सीटों पर गुर्जर वोटर निर्णायक भूमिका में रहते रहे हैं। हालांकि, सचिन पायलट ने अपनी किसी भी सभा या रैली में अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया है। पायलट हमेशा समाज से जुड़े कार्यक्रमों से भी दूरी बनाते आए है। लेकिन जिस तरह से पायलट समर्थकों ने गुर्जर वोटरों के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ रखी है। उससे बीजेपी को नुकसान होने का अंदाजा है।




## अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

**शिमला, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें (कंगना रनौत) अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गई। चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे। उन्होंने पिछले साल पार्टी छोड़ दी थी। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने या पार्टी या राजनीतिक आकाओं के राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। मेरा मानना है कि स्वतंत्रता आंदोलन 1857 में मंगल पांडे के विद्रोह के साथ शुरू हुआ था। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, खुदीराम बोस जैसे कई लोग थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।